

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 5 अगस्त 2026

समर्पण से अलग 1200 नक्सली गिरफ्तारी के बाद जेल में कैद, इनकी रिहाई पर कानूनी पेंच

राजेश दास ⏭ जगदलपुर

शीर्ष माओवादियों के साथ संगठन में काम करने के दौरान गिरफ्तार किए गए सैकड़ों नक्सल बंदी वर्तमान में बस्तर की जेलों में निरूद्ध हैं। इनमें अधिकांश बंदी केन्द्र सरकार के नक्सलमुक्त भारत के एलान यानी 31 मार्च 2026 की डेडलाइन से पहले गिरफ्तार किए गए थे। वहीं एक ओर जहां हजारों की संख्या में शीर्ष नक्सल नेता व संगठन में विभिन्न कैडर के नक्सलियों ने समर्पण कर दिया और अब आजादी की सांस ले रहे हैं तो दूसरी ओर इनके ही साथी जिन्हें सुरक्षाबलों ने समर्पण के पहले गिरफ्तार किया था और जिनकी संख्या 12 सौ से अधिक है, वे जेल की सलाखों के पीछे कैद हैं। इन्हें आजादी की सांस लेने अपनी बारी का इंतजार करना पड़ेगा क्योंकि वे न्यायिक हिरासत में हैं। इनमें ज्यादातर विचाराधीन हैं।

खास खबर

यूएपीए एक्ट, हत्या, आगजनी, आईईडी ब्लास्ट, हत्या का प्रयास, लूट जैसे संगीन मामलों में हैं बंद

उप जेलों में भी कैद

इसके अलावा लगभग सौ से अधिक विचाराधीन बंदी बस्तर संभाग की जिला जेल व उप जेल में निरूद्ध हैं। जानकारों की मानें तो नक्सल मामले में बंद बंदियों को राज्य या केंद्र सरकार एकतरफा रिहा नहीं कर सकती है, क्योंकि सभी बंदी न्यायिक अभिरक्षा मे जेल में बंद हैं तो बिना न्यायालय के आदेश के रिहा करना संभव नहीं है।



शासन की ओर से अब तक कोई निर्देश नहीं: एसपी

बस्तर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मुताबिक जेल में निरुद्ध बंदियों के संबंध में शासन की ओर से कोई अधिकारिक आदेश नहीं आया है। आगे जैसा निर्देश मिलेगा उस पर कार्रवाई करेंगे। नक्सल मामलों में जेल में निरुद्ध बंदियों की रिहाई के सवाल पर उन्होंने कहा कि जहां तक रिहाई की बात है वो संभव नहीं है। सभी पर संगीन धाराओं के साथ यूएपीए एक्ट भी लगा हुआ है और सभी ज्यूडिशियल कस्टडी में हैं। ऐसे में ⏭ शेष पेज 7 पर

आंकड़ों की बात करें तो सर्वाधिक नक्सल मामले में बंद बंदी सेंट्रल जेल जगदलपुर में निरूद्ध हैं। इनमें बस्तर एवं कोंडागांव जिले के 425 पुरुष व 98 महिला समेत कुल 523 विचाराधीन बंदी हैं। जबकि नक्सल मामले में 24 सजायाफ्ता बंदी भी जगदलपुर की सेंट्रल जेल में हैं। इनमें से कुछ को न्यायालय से आजीवन कारावास की सजा मिली है। इसके अलावा जिला जेल कांकेर के 41 पुरुष व 3 महिला बंदी, जिला जेल दंतेवाड़ा के 289 पुरुष बंदी, जिला जेल सुकमा के 172 पुरुष बंदी, उप जेल नारायणपुर के 68 पुरुष बंदी तथा उप जेल बीजापुर के 132 पुरुष बंदी समेत कुल 1252 सजायाफ्ता व विचाराधीन बंदी सेंट्रल जेल में निरूद्ध हैं।

आत्मसमर्पित 95 नक्सलियों को डेढ़ करोड़ की प्रोत्साहन राशि

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल और वन एवं जलवायु मंत्री तथा बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के निर्देशों के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सलवादी आत्मसमर्पण-पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति 2025 के तहत बीजापुर जिले के 95 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 1 करोड़ 40 लाख 86 हजार 700 रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है। बीजापुर कलेक्टर विश्वदीप ने नीति के प्रावधानों के अनुसार शस्त्रों के साथ आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के लिए राशि के आहरण और वितरण की स्वीकृति दी है। यह प्रोत्साहन राशि आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने, उन्हें नया जीवन शुरू करने और सम्मानजनक आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दी जा रही है। राज्य सरकार की पुनर्वास नीति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति, विकास और सामाजिक पुनर्वास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रभावी पहल है।

दोनों सदनों में जमकर हंगामा, राज्यसभा में पास हुआ जन्म और मृत्यु का पंजीकरण (संशोधन) बिल

जन्म पंजीकरण में देरी की तो लगाने पड़ेंगे कोर्ट के चक्कर

- राम मंदिर चढ़ावा और छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर सदन गरमाई
- हंगामे के बीच लोकसभा में भी पारित हुआ विनियोग विधेयक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अयोध्या राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी और दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण संसद में मंगलवार को भी गतिरोध कायम रहा और दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित रही। हंगामे के बीच राज्यसभा में जन्म और मृत्यु का पंजीकरण (संशोधन) बिल पास हो गए। जन्म प्रमाण पत्र में अब दो साल की देरी पर कड़े प्रावधान किए गए हैं, जिससे कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं।

हंगामे के बीच ही दोनों सदनों ने एक-एक विधेयक को मंजूरी दे दी। लोकसभा ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच विनियोग (संख्यांक 3) विधेयक, 2026 को बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया। उधर, राज्यसभा ने संक्षिप्त चर्चा के बाद जन्म और मृत्यु का पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों से प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह करते हुए कहा, मैंने कल भी बीएसी (कार्य मंत्रणा समिति) की बैठक में सभी दलों से अनुरोध किया था। संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है और चर्चा एवं संवाद के लिए है। यह नारेबाजी करने और तख्तियां लेकर आने का मंच नहीं है। शोर-शराबा जारी रहने पर अध्यक्ष ने सदन की बैठक अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी।

एक बार के स्थगन के बाद बैठक दो बजे शुरू हुई तो पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाये। ⏭ शेष पेज 7 पर

अब ये होगा प्रावधान

गृह राज्य मंत्री ने बताया कि जन्म या मृत्यु की घटना को दो साल से ज्यादा समय बीतने के बाद अब इसके रजिस्ट्रेशन के लिए प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमएफसी) का आदेश अनिवार्य कर दिया गया है। उनके अनुसार, सक्षम प्राधिकारी की ओर से पंजीकरण के लिए अनुमति देने से पहले दी गई जानकारी की प्रमाणिकता की जांच की जाएगी।



एक साल बाद, लेकिन दो साल से पहले

प्रावधान के मुताबिक अगर किसी जन्म या मृत्यु की जानकारी घटना के एक साल बाद, लेकिन दो साल के भीतर रजिस्ट्रार को दी जाती है, तो इसे सिर्फ जिला मजिस्ट्रेट, एसडीएम या जिला मजिस्ट्रेट की ओर से अधिकृत कार्यकारी मजिस्ट्रेट की मंजूरी से ही पंजीकृत किया जा सकेगा। देरी से होने वाले रजिस्ट्रेशन के प्रावधानों को सख्त बनाने और जन्म-मृत्यु की समय पर रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करने के लिए ये संशोधन लाए गए हैं।

21 दिन के अंदर रजिस्ट्रेशन आसान

जन्म के बाद निर्धारित समय सीमा में यानि 21 दिन के भीतर रजिस्ट्रेशन कराने पर प्रक्रिया अपेक्षाकृत सरल रहती है। आपके पास अस्पताल की डिस्चार्ज स्लिप, जन्म से जुड़ा रिकॉर्ड, माता-पिता के पहचान दस्तावेज और जहां जरूरी हो वहां निवास से जुड़े दस्तावेज होने चाहिए। घर पर जन्म होने की स्थिति में स्थानीय नियमों के अनुसार संबंधित फॉर्म और प्रमाण देने पड़ सकते हैं। अगर समय पर आवेदन नहीं हुआ तो देरी के हिसाब से अतिरिक्त प्रक्रिया और शुल्क लागू हो सकते हैं।

लोकसभा से बिल को मिल चुकी मंजूरी

लोकसभा ने 31 जुलाई को विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के बीच बिना चर्चा के इस विधेयक को पारित कर दिया था। राज्यसभा में मंगलवार को विपक्षी सदस्यों ने कहा कि यह बेहद ही महत्वपूर्ण विधेयक है और गृह मंत्री अमित शाह को सदन में होना चाहिए। विपक्षी सदस्यों ने गृह मंत्री की सदन में अनुपस्थिति को लेकर नारे भी लगाए। हंगामे के बीच ही विधेयक पर संक्षिप्त चर्चा हुई और गृह राज्य मंत्री राय ने चर्चा का जवाब दिया।

रियल एस्टेट से इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर तक होगा फायदा

देश को वैश्विक निवेश, मैन्युफैक्चरिंग और डेटा हब बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने नया टैक्स संशोधन बिल यानी कि 'द टैक्सेशन एंड अदर लॉज संशोधन बिल, 2026' लेकर आई है। लोकसभा में पारित यह बिल केवल कानूनी संशोधन नहीं है, बल्कि भारत में वैश्विक पूंजी को आकर्षित करने, 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करने और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को नए स्तर पर ले जाने का एक मास्टरप्लान है।

विधानसभा भवन में अंकित किया जाएगा संत रविदास का संदेश

संत रविदास के नाम पर राज्य अलंकरण पुरस्कार, अवकाश भी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संत शिरोमणि गुरु रविदास के नाम पर राज्य अलंकरण पुरस्कार का ऐलान किया है। इसी के साथ विधानसभा भवन में संत रविदास का संदेश अंकित करने और नवा रायपुर में प्रमुख चौक का नामकरण संत रविदास के नाम पर करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने भाजपा के 36 संगठन जिलों के अध्यक्षों को कलश का वितरण भी किया।

खास खबर

श्री साय ने मंगलवार को यहां विज्ञान महाविद्यालय परिसर में स्थित पं. दीनदयाल ⏭ शेष पेज 7 पर

मुख्यमंत्री की घोषणाएं

मुख्यमंत्री श्री साय ने संत शिरोमणि गुरु रविदास के नाम पर प्रतिवर्ष राज्य स्थापना दिवस (नवंबर) के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों को 'संत शिरोमणि गुरु रविदास राज्य अलंकरण पुरस्कार' प्रदान करने की घोषणा की। राज्य विधानसभा भवन में संत रविदास के प्रसिद्ध संदेश ऐसा चाहूं राज मैं जहां मिले सबन को अन्न। छोट बड़ो सब सम बसै, रविदास रहे प्रसन्न, को अंकित कराने के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से औपचारिक आग्रह किया ⏭ शेष पेज 7 पर

दो लाख समरसता दीप प्रज्ज्वलित

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा संत रविदास जैसी महान विभूतियों के सम्मान और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने की शुरुआत कर रही है। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा, संत रविदास केवल किसी एक समाज विशेष के न होकर संपूर्ण विश्व और मानवता के हैं। ⏭ शेष पेज 7 पर

डाबर के शहद, घी समेत कई उत्पादों की बिक्री पर रोक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

145 साल पुरानी डाबर कंपनी के ऊपर भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण का डंडा चला है। कंपनी के तमाम प्रोडक्ट्स पर रोक लगा दी गई है। इनमें शहद, घी से लेकर कोकोनट मिल्क तक शामिल हैं, जिन्हें लेकर कंपनी 100 फीसदी शुद्धता के दावे कर रही थी। डाबर के इस तरह के दावों को एफएसएसआई ने गुमराह करने वाला करार दिया है। इसका असर कंपनी के शेयर पर भी देखने को मिला है।

फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) ने डाबर कंपनी पर की गई इस कार्रवाई को लेकर बीते कारोबारी दिन सोमवार को सोशल मीडिया पर जानकारी शेयर की थी। इनमें कंपनी द्वारा अपने प्रोडक्ट्स को ⏭ शेष पेज 7 पर

15 दिनों के भीतर देनी होगी रिपोर्ट

100 फीसदी शुद्ध का दावा नहीं चलेगा



ये उत्पाद बैन

- शहद
- गाय का घी
- सेब का सिरका
- वर्जिन कोकोनट ऑयल
- तिल का तेल
- नारियल पानी
- नारियल मिल्क
- हिमालयन ऑर्गेनिक एप्पल साइडर विनेगर

डाबर ने कहा-नोटिस मिला, समीक्षा की जा रही

डाबर ने कहा कि उसे एफएसएसएआई का नोटिस मिला है और वह रेगुलेटर द्वारा बताए गए कंटेंट की समीक्षा कर रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा, हमें एफएसएसएआई का नोटिस मिला है और हम अपनी वेबसाइट पर नोटिस में बताए गए कंटेंट की जांच कर रहे हैं।

सरकार ने जारी किए नए निर्देश

तीन साल से एक ही सीट पर जमे अफसर और कर्मचारियों का बदलेगा कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने सरकारी दफ्तरों में लंबे समय से एक ही कार्य-पटल (सीट) पर काम कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए नई व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने आदेश जारी कर कहा है कि राज्य के सभी विभागों, मंत्रालय, विभागाध्यक्ष कार्यालयों, संभागीय आयुक्त कार्यालयों, कलेक्टर कार्यालयों और उनके अधीनस्थ कार्यालयों में तीन वर्ष या उससे अधिक समय से एक ही कार्य-पटल पर कार्यरत ⏭ शेष पेज 7 पर

हरिभूमि सरोकार

विशेष परिस्थितियों में ही मिलेगी छूट

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी को प्रशासनिक आवश्यकता के कारण उसी कार्य-पटल पर बनाए रखना अपरिहार्य हो, तो इसके लिए सक्षम प्राधिकारी की लिखित और कारणयुक्त अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना ऐसी अनुमति के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को तीन वर्ष से अधिक समय तक एक ही कार्य-पटल पर नहीं रखा जा सकेगा।

टर्बुलेंस... किसी का सिर फूटा, किसी का टूटा कंधा, चार क्रू मेम्बर और 10 यात्री हुए घायल

एयर इंडिया का विमान हुआ हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

थाइलैंड के शहर फुकेत से नई दिल्ली आ रहा एअर इंडिया का एक विमान मंगलवार को टर्बुलेंस का शिकार हो गया। इस घटना में 15-20 यात्री घायल हो गए। किसी का सिर फूटा तो किसी का कंधा टूट गया है। ये टर्बुलेंस इतना भयानक था कि विमान हवा में ही करीब दो से तीन मिनट तक लड़खड़ाता रहा। एयर इंडिया की उड़ान एआई -2379 का विमान हवा के बीच 300 फीट नीचे आकर संभल गया। इस टर्बुलेंस से यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सांसें थम गई। ऊंचाई में अचानक परिवर्तन होने से 10 यात्री और चालक दल के 4 सदस्य घायल हो गए हैं। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। घटना के बाद पायलट ⏭ शेष पेज 7 पर



क्या है पूरा मामला

फुकेत से रवाना हुई एयर इंडिया की उड़ान को मंगलवार सुबह 11:15 बजे दिल्ली पहुंचना था। हालांकि, यात्रा शुरू होने के 90 मिनट बाद अचानक विमान डगमगाया और 2 से 3 मिनट तक नीचे गिरता गया, जिससे यात्रियों को तगड़े झटके लगे। घटना के बाद विमान के अंदर हड़कंप मच गया और कुछ लोग घायल हो गए। ऊंचाई में यह परिवर्तन उड़ान के दौरान ऊपर से नीचे की ओर बहने वाली हवा के कारण हुआ है।

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ से शशांक सिंह ने लिया अनापत्ति प्रमाण पत्र

छत्तीसगढ़ की टीम से आईपीएल के ऑक्शन में पंजाब किंग्स में हुआ चयन

शशांक ने छोड़ा छत्तीसगढ़ का साथ, सीएससीएस के रवैये पर उठाए सवाल, संघ ने कहा- दिया पूरा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ सीएससीएस से जुड़े आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले बल्लेबाज शशांक सिंह अब आगामी घरेलू सत्र में पुडुचेरी का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ी के अनुरोध पर छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। हालांकि, संघ से अलग होने के बाद शशांक ने सीएससीएस के रवैये पर गंभीर सवाल उठाए हैं। वहीं, संघ ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि खिलाड़ी को हर स्तर पर पूरा सहयोग दिया गया। शशांक सिंह का आरोप है कि पिछले घरेलू सीजन के दौरान उनके कंधे और अंगुली में चोट लगने के बाद संघ ने उनका साथ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि चोट से उबरने के बावजूद उन्हें छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं किया गया और बेंगलुरु प्री-सीजन कैंप के लिए भी चयनित नहीं किया गया। शशांक के अनुसार, इसी कारण उन्होंने छत्तीसगढ़ छोड़ने का निर्णय लिया।

खास खबर



अब व्हाइट-बॉल क्रिकेट पर फोकस

34 साल के शशांक अब पुडुचेरी के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट पर फोकस करना चाहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वह इस सीजन रेड-बॉल क्रिकेट से ब्रेक लेकर अपनी गेंदबाजी को और बेहतर बनाने पर काम करेंगे, ताकि टी20 क्रिकेट में एक पूर्ण ऑलराउंडर के रूप में योगदान दे सकें। भारत के सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले घरेलू व्हाइट-बॉल खिलाड़ियों में शामिल शशांक सिंह का 2024-25 सीजन ⏭ शेष पेज 7 पर

शशांक को ट्रेनिंग कैंप में बुलाया गया

दूसरी ओर, सीएससीएस पदाधिकारियों का कहना है कि शशांक सिंह को हमेशा पूरा सहयोग मिला। उन्हें आईपीएल तक पहुंचने में हरसंभव मदद की गई और सीसीपीएल में कप्तानी की जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी। संघ का दावा है कि उन्हें लगातार ट्रेनिंग कैंप में बुलाया गया, लेकिन वे कई बार शामिल नहीं हुए और उपचार के लिए मुंबई चले जाते थे। शशांक ने यह भी कहा कि उन पर यह आरोप लगाया गया कि वे केवल आईपीएल खेलना चाहते हैं और घरेलू क्रिकेट में रुचि नहीं रखते। उन्होंने इस दावे को गलत बताते हुए कहा कि उन्हें बीसीसीआई द्वारा 2023-24 घरेलू लिमिटेड ओवर सीजन के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए प्रतिष्ठित लाला अमरनाथ पुरस्कार अवॉर्ड से सम्मानित किया था।



ओएमआर में दिए उत्तर हमारे नहीं, 6 छात्रों का चौंकाने वाला दावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नीट के छह छात्रों की उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमति जताई है, जिसमें ओएमआर शीट में कथित गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। नीट यूजी परीक्षा देने वाले छह छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर बताया कि उन्होंने अपनी ओएमआर आंसरशीट में जो उत्तर भरे थे, वे बदल गए हैं। ये वे उत्तर नहीं जो उन्होंने मार्क किए थे। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने परीक्षा के दौरान ओएमआर शीट में जो उत्तर भरे थे, वे अब राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से दिखाई जा रही ओएमआर कॉपी से अलग हैं। छात्रों के वकील ने सीजेआई सूर्य कांत की पीठ को बताया कि सभी छह अभ्यर्थियों के 600 से 650 से अधिक अंक हैं और उन्होंने कई ईमेल भेजने के साथ-साथ एनटीए कार्यालय जाकर भी शिकायत की। लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली।

सर्वोच्च न्यायालय ने याचिका पर सुनवाई करने के लिए जताई सहमति

एनटीए से कई बार की गई शिकायत लेकिन नहीं मिली राहत


जल्द होगी सुनवाई

वकील ने यह भी दावा किया कि एनटीए के एक अधिकारी ने उनसे कहा कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएं. सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने पूछा कि मामले में इतनी जल्द सुनवाई की आवश्यकता क्यों है। इस पर वकील ने कहा कि नीट काउंसलिंग की प्रक्रिया चल रही है, इसलिए मामले की जल्द सुनवाई जरूरी है।

जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने पूछा कि जब ओएमआर शीट आपत्तियों के लिए अपलोड की गई थी, तब क्या छात्रों ने कोई आपत्ति दर्ज कराई थी। इस पर वकील ने जवाब दिया कि उस समय ओएमआर शीट में कोई विसंगति नहीं थी और बाद में एनटीए की ओर से दिखाई गई ओएमआर कॉपी में अंतर सामने आया। सभी पक्षों की प्रारंभिक दलीलें सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। बता दें कि इसी तरह का एक मामला बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ में भी आया था। कुछ छात्रों ने आरोप लगाया था कि ओएमआर शीट में गड़बड़ी हुई है। कोर्ट में छात्र का दावा पूरी तरह से गलत साबित हुआ था।

पहले नहीं थी विसंगति





हो चुका है पेपर लीक

बता दें कि 3 मई को आयोजित हुई नीट यूजी की परीक्षा पेपर लीक के बाद रद्द कर दी गई थी। इसके बाद एजेंसी ने 21 जून को दोबारा से पेपर का आयोजन किया था।हालांकि, इसका रिजल्ट जारी होने के बाद भी कई तरह के विवाद सामने आ रहे थे, जिसे एनटीए ने गलत साबित किया था।

12 सदस्यीय कमेटी का गठन

नीट पीजी 2025-26 काउंसलिंग के लिए क्वालिफाइंग पर्सेंटाइल कम करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने कोर्ट को बताया कि उसके निर्देश के बाद सरकार ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए 12 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। सरकार ने कोर्ट को बताया कि यह कमेटी नीट पीजी में क्वालिफाइंग पर्सेंटाइल घटाने से जुड़े सभी पहलुओं की समीक्षा करेगी। कमेटी में संबंधित पक्षों की राय को शामिल किया जाएगा ताकि इस मामले पर व्यापक विचार किया जा सके।

कौन-कौन हैं शामिल?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कमेटी को इस मुद्दे पर सभी संबंधित पक्षों से सुझाव लेने चाहिए। इसमें केंद्र सरकार, नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज, मेडिकल संस्थानों और अन्य हितधारकों की राय शामिल होगी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि कमेटी सभी सुझावों और पहलुओं पर विस्तार से विचार करने के बाद अपनी रिपोर्ट तैयार करें. कमेटी को अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में 8 हफ्तों के भीतर सौंपनी होगी।

खबर संक्षेप

माफ करने वाले मोदी कौन होते हैं : राहुल

नई दिल्ली। वाइको इन पार्लियामेंट किताब के लॉन्च के दौरान



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ' हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं कि मैं उन्हें माफ करता हूं। मुझे नहीं पता कि वे उन्हें माफ करने वाले कौन होते हैं।' राहुल ने कहा कि हम अपने देश में एक अजीब समय से गुजर रहे हैं। छात्र सड़कों पर हैं, बहुत दर्द में हैं। वे परीक्षाओं में निष्पक्षता और ऐसी शिक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं, जो काम करे। दूसरी तरफ हमारे प्रधानमंत्री हैं, जो उन्हें माफ कर रहे हैं।

महाराष्ट्र : स्कूलों में पढ़ाया जाएगा नशामुक्ति का पाठ

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्कूल शिक्षा विभाग



की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्कूल पाठ्यक्रम में नशामुक्ति (ड्रग डी-एडिक्शन) से जुड़े पाठ शामिल करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार स्कूलों में एंटी-ड्रग गाइडेंस और काउंसिलिंग कमेटियां बनाएगी और 'ड्रग-फ्री स्कूल' अभियान भी चलाएगी। मुख्यमंत्री ने छात्रों को साइबर फ्रॉड और नशे की लत से बचाने के लिए स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को कहा।

लू लगने से 5 माह में देश में 20 की मौत

नयी दिल्ली। सरकार की ओर से मंगलवार को लोकसभा में पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इस साल एक मार्च से अब तक देश भर में लू लगने से 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4,853 मामले सामने आए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार लू लगने से सबसे अधिक संख्या में लोगों की मौत महाराष्ट्र में हुई, जबकि लू लगने के सर्वाधिक मामले तेलंगाना में सामने आए। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में लोकसभा को बताया कि तेलंगाना में लू (हीटस्ट्रोक) के सबसे अधिक 915 मामले सामने आए, इसके बाद पश्चिम बंगाल (733), छत्तीसगढ़ (660), आंध्र प्रदेश (540) और झारखंड (409) का स्थान रहा।

तमिलनाडु में बड़ा सियासी बवाल

उदयनिधि गिरफ्तार, घर से उठाकर ले गई पुलिस

तमिलनाडु में बड़ा सियासी बवाल छिड़ गया है। एक्ट्रेस तृषा कृष्णन पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में चेन्नई पुलिस ने पूर्व डिप्टी सीएम और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष उदयनिधि स्टालिन को गिरफ्तार कर लिया। तमिलनाडु पुलिस उन्हें घर से उठाकर ले गई। हाईकोर्ट के दखल से 4 घंटे बाद उनकी रिहाई हो सकी।

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तंजावुर में कावेरी नदी के पानी को लेकर चल रहे डीएमके के एक विरोध-प्रदर्शन के दौरान स्टालिन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय की 'करीबी दोस्त' तृणा पर डबल मीनिंग टिप्पणी की थी। इस बयानबाजी के बाद सीएम विजय की पार्टी टीवीके द्वारा पुलिस और राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद उदयनिधि को मंगलवार को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। उदय की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे डीएमके कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में लिया गया। उदयनिधि के खिलाफ पुलिस कार्रवाई का विरोध करने के लिए बड़ी संख्या में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) कार्यकर्ताओं के उनके नीलांकरई स्थित आवास के बाहर जुटने से सुबह अफरातफरी की स्थिति बन गई। उदयनिधि की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनकी गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हुए पूरे राज्य में जबरदस्त प्रदर्शन शुरू कर दिया और 'सड़कों को जाम' कर दिया।



हाईकोर्ट के आदेश के बाद रिहा किया गया नेता प्रतिपक्ष को

एक्ट्रेस तृषा पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले ने पकड़ा तूल

4 घंटे बाद हुई रिहाई

गिरफ्तारी के बाद द्रमुक ने मद्रास उच्च न्यायालय का रुख किया और अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने रिमांड पर न लेने और पूछताछ के बाद रिहा करने का निर्देश दिया। इसके बाद उदयनिधि की गिरफ्तारी के तकरीबन 4 घंटे बाद रिहाई हुई।

यह है विवाद

कावेरी विवाद को लेकर तंजावुर में आयोजित एक विरोध सभा को संबोधित करते हुए उदयनिधि ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि तमिलनाडु को कावेरी का एक बूंद पानी भी नहीं मिला, जबकि मुख्यमंत्री इस मामले को लेकर बेपरवाह बने रहे। यह रैली तब विवादों में घिर गई जब भीड़ में से किसी ने 'त्रिशा, त्रिशा' चिल्लाना शुरू कर दिया। उदयनिधि ने अपना भाषण रोककर ऐसी टिप्पणी की जिसे कई लोगों ने अपमानजनक और दोहरे अर्थ वाली बात मानी, जिससे राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा ने इस भद्दी टिप्पणी के लिए उदय निधि स्टालिन की गिरफ्तारी की मांग की। सत्तारूढ़ टीवीके के नेता भी उदय निधि की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

डीएमके ने आरोपों का किया खंडन

उदयनिधि स्टालिन की कथित टिप्पणियों पर बढ़ते विरोध के बीच डीएमके नेता टीआर बालू ने कथित तौर पर आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता ने किसी व्यक्ति विशेष का जिक्र नहीं किया था। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, बालू ने कहा, 'उन्होंने उस महिला के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा है। यह सब झूठ है।' हिरासत में लिए जाने की आलोचना करते हुए डीएमके के राज्यसभा सांसद पी विल्सन ने आरोप लगाया कि इस विवाद का इस्तेमाल कावेरी जल विवाद और कर्नाटक द्वारा कथित तौर पर पानी छोड़ने में विफल रहने को लेकर राज्य की चिंताओं से ध्यान हटाने के लिए किया जा रहा है।

भाजपा ने टिप्पणी को बताया शर्मनाक

तमिलनाडु भाजपा ने भी उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे घृणित, अश्लील, अभद्र और शर्मनाक बताया। राज्य भाजपा के प्रवक्ता नारायणन तिरुपति ने पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की चुप्पी पर भी सवाल उठाया और उदयनिधि की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई मुख्यमंत्री विजय की विश्वसनीयता को मजबूत करेगी।

पीएम मोदी का वीडियो सरकार ने मेटा ग्लोबल टीम को दिया समन

संसद में भी गूंजा था यह मामला



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फेसबुक वीडियो हटाए जाने के मामले पर केंद्र सरकार ने मेटा के अधिकारियों को तलब किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने मंगलवार को बताया कि सरकार ने मेटा की ग्लोबल टीम को 5-6 अगस्त को भारत बुलाया है। उन्होंने कहा कि मेटा जैसी बड़ी टेक कंपनियों को यह पक्का करना चाहिए कि उनके सिस्टम उम्मीद के मुताबिक काम करें। इससे पहले सोमवार को यह मामले पर संसद की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति की बैठक में भी उठाया गया। समिति ने मेटा के अधिकारियों से इस मामले में जवाब मांगा और वीडियो हटाने की वजह पर कड़े सवाल किए। मेटा ने बैठक में स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री का वीडियो गलती से हट गया था और इसके लिए माफी भी मांगी। हालांकि, समिति के कई सदस्यों ने कहा कि केवल माफी से बात खत्म नहीं होगी और इस मामले में जवाबदेही तय होनी चाहिए।

संसद में यह था मेटा का जवाब

सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मुख्य विषय सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के नियमन पर चर्चा था। इसमें गूगल, मेटा, यूट्यूब, एक्स, स्नैपचैट, गृह मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फेसबुक वीडियो हटाए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठा। मेटा ने कहा कि वीडियो तकनीकी त्रुटि के कारण हटा था और बाद में उसे बहाल कर दिया गया।

जुकरबर्ग खुद मांगे माफी : दुबे

सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री का वीडियो हटाने जैसी घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेटा के प्रमुख मार्क जुकरबर्ग को स्वयं इस मामले में माफी मांगनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने राज्यसभा में दी जानकारी

155 चिकित्सा उत्पाद घटिया और दो दवाएं मिलीं नकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा को बताया कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और राज्य की औषधि परीक्षण प्रयोगशालों ने इस साल मई में 155 चिकित्सा उत्पादों को 'मानक गुणवत्ता का नहीं' और दो दवाओं को नकली पाया। नड्डा ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में दवाओं का निर्माण, बिक्री और वितरण मुख्य रूप से औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम एवं उसके अंतर्गत नियमों के प्रावधानों के तहतसंबंधित राज्य सरकारों द्वारा



नियुक्त राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरणों द्वारा विनियमित किया जाता है। नड्डा ने कहा कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन का उत्तरदायित्व, राष्ट्रीय विनियामक प्राधिकरण के रूप में, नयी दवाओं और नैदानिक परीक्षणों का अनुमोदन, दवाओं के लिए मानक का निर्धारण, आयातित दवाओं की गुणवत्ता का विनियमन और राज्य सरकारों के साथ समन्वय करना है।

250 से अधिक विदेशी नागरिक गिरफ्तार

इधर, लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने 2024 से राष्ट्रीय राजधानी में मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में 254 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 40.53 करोड़ रुपये से अधिक के नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं।

13 साल बाद आसाराम को मिली 20 दिन की पैरोल

जोधपुर। राजस्थान उच्च न्यायालय ने 2013 में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहे स्वयंभू बाबा आसाराम को 20 दिन की नियमित पैरोल प्रदान की है। अदालत ने कहा



कि राजस्थान सरकार उसकी पैरोल याचिका खारिज करने के अपने निर्णय को उचित ठहराने में विफल रही। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और न्यायमूर्ति संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने जोधपुर केंद्रीय कारागार में बंद 85 वर्षीय आसाराम को राहत देते हुए उसकी जेल में बिताई अवधि और पहले मिली अंतरिम रिहाइयों के दौरान उसके आचरण को ध्यान में रखा। उच्च न्यायालय ने कहा कि आसाराम अब तक 13 वर्ष, एक माह और 24 दिन जेल में बिता चुका है, उसे पहले भी कई बार अंतरिम जमानत मिली थी और उस दौरान उसके द्वारा जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने, न्यायिक प्रक्रिया से बचने, गवाहों को प्रभावित करने या कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने का कोई रिकॉर्ड नहीं है।

सात साल में 274 भगोड़ों को लाया गया भारत, 36 देशों से प्रत्यर्पण

केंद्र सरकार ने दी जानकारी 17,874 करोड़ रुपए की संपत्ति भी अटैच



हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार को बताया कि पिछले 7 वर्षों में 36 देशों से 274 भगोड़ों को भारत वापस लाया गया है। यह आंकड़ा साल 2004 से 2013 के बीच की तुलना में 10 गुना ज्यादा है। उस दौरान हर साल औसतन केवल चार भगोड़े ही वापस लाए जा सके थे। सरकार ने दावा किया कि पिछली सरकारों में इच्छाशक्ति की कमी थी, जबकि मोदी सरकार ने इसे राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया है। सरकारी बयान के अनुसार, इस अवधि के दौरान प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत भगोड़ों की 17,874 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। सरकार ने एक एकीकृत, खुफिया और तकनीक पर आधारित मॉडल विकसित किया है, जिससे भगोड़ों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और उनकी वापसी आसान हुई है।

किन मामलों में कितने भगोड़े वापस आए?

साल 2019 से 2026 (जुलाई तक) के बीच वापस लाए गए भगोड़ों में 9 वित्तीय अपराध, 17 आतंकी मामले, 42 संगठित अपराध, 62 हत्या-लूट और हिंसक अपराध, 53 यौन अपराध (बच्चों के खिलाफ अपराध सहित), 16 नशा तस्करी, 12 तस्करी-जाली मुद्रा, 18 मानव तस्करी और 45 अन्य अपराधों में वांछित थे।

रेड कॉर्नर नोटिस में भारी बढ़ोतरी

इंटरपोल द्वारा जारी रेड नोटिस की संख्या में भी तेजी आई है। 2022 में 40, 2023 में 100, 2024 में 107, 2025 में 112 और 2026 में अब तक 182 रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए गए हैं। पिछले तीन वर्षों में कुल 401 भगोड़ों के खिलाफ रेड नोटिस जारी हुए हैं।

ट्राई ने लॉन्च किया माई कॉल ऐप का नया और अपग्रेडेड वर्जन

अब हर कॉल ड्रॉप की शिकायत करेगा आपका फोन!

मोबाइल यूजर्स से सीधे फीडबैक लेकर टेलीकॉम कंपनियों को मिलेगी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में मोबाइल कॉल ड्रॉप और खराब कॉल क्वॉलिटी की शिकायतें लंबे वक्त से आम रही हैं। अब इन दिक्कतों को दूर करने की दिशा में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अपने माई कॉल ऐप का नया और अपग्रेडेड वर्जन लॉन्च किया है। इस ऐप का मकसद मोबाइल यूजर्स से सीधे फीडबैक लेकर टेलीकॉम कंपनियों को नेटवर्क की कमियों की जानकारी देना है, जिससे कॉलिंग अनुभव को बेहतर बनाया जा सके। ट्राई के मुताबिक, माई कॉल ऐप को पहली बार 2018 के बाद बड़े लेवल पर अपडेट किया गया है। नया वर्जन यूजर्स को हर वॉयस कॉल के बाद उसकी क्वॉलिटी को रेट करने का विकल्प देता है। अगर कॉल ड्रॉप हो जाती है, आवाज साफ नहीं आती या कॉल कनेक्ट होने में दिक्कत होती है, तो यूजर इसकी जानकारी सीधे ऐप के जरिए शेयर कर सकते हैं।



ऐसे काम करेगा नया ऐप

ऐप एंड्रॉयड स्मार्टफोन पर काम करता है। कॉल खत्म होने के बाद यह यूजर से पूछता है कि कॉल का एक्सपीरियंस कैसा रहा। यूजर 1 से 5 स्टार तक रेटिंग दे सकते हैं और चाहें तो कॉल ड्रॉप, खराब ऑडियो, नेटवर्क समस्या जैसी दिक्कतों की रिपोर्ट भी भेज सकते हैं। ऐप कॉल से जुड़े कुछ तकनीकी नेटवर्क पैरामीटर भी कलेक्ट करता है, जिससे समस्या की सही पहचान करने में मदद मिलती है। जितने ज्यादा लोग इस ऐप का इस्तेमाल करेंगे, उतना ही सटीक डेटा ट्राई और टेलीकॉम कंपनियों को मिलेगा, जिससे भविष्य में कॉल क्वॉलिटी बेहतर होने की उम्मीद है।

टेलीकॉम कंपनियों को मिलेगा फायदा

ट्राई का कहना है कि ऐप से मिलने वाला डाटा टेलीकॉम ऑपरेटरों को यह समझने में मदद करेगा कि किन इलाकों में नेटवर्क कमजोर है या किन परिस्थितियों में कॉल क्वॉलिटी प्रभावित हो रही है। इससे कंपनियां अपने नेटवर्क में सुधार कर सकेंगी और ग्राहकों को बेहतर सेवा देने में सक्षम होंगी। यानी नया ऐप सिर्फ यूजर्स ही नहीं, बल्कि कंपनियों के लिए भी स्थितियां बेहतर करने में मददगार साबित हो सकता है। हालांकि, ट्राई ने साफ किया है कि ऐप के जरिए मिलने वाले डेटा का इस्तेमाल टेलीकॉम कंपनियों पर सीधे किसी तरह की कार्रवाई के लिए नहीं किया जाएगा। इसका मुख्य मकसद नेटवर्क की असली स्थिति को समझना और कॉल की क्वॉलिटी में सुधार करना है।

मुंबई एयरपोर्ट की घटना

प्लेन के टॉयलेट में पिया बीड़ी केरल का यात्री गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सऊदी अरब के दम्माम से मुंबई आ रही एअर इंडिया की एक उड़ान में टॉयलेट के अंदर बीड़ी पीना केरल के एक यात्री को महंगा पड़ गया। विमान के मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही सहार पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। विमान में कई जगह 'नो स्मोकिंग' के बोर्ड लगे होने और उड़ान से पहले बार-बार धूम्रपान पर रोक की घोषणा किए जाने के बावजूद उसने नियमों की अनदेखी की। गिरफ्तार यात्री की पहचान केरल के अलाप्पुझा



निवासी 34 वर्षीय नूरी बाहुलेयन के रूप में हुई है। मुंबई पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। सहार पुलिस के अनुसार, घटना एअर इंडिया की उड़ान एआई-4250 में हुई, जो दम्माम से मुंबई आ रही थी। उड़ान भरने के कुछ समय बाद सीट 21एफ पर बैठे बाहुलेयन विमान के टॉयलेट में गया। उसके बाहर निकलते ही केबिन क्रू ने टॉयलेट से धुआं निकलता देखा। पूछताछ करने पर यात्री ने टॉयलेट में बीड़ी पीने की बात स्वीकार कर ली।

रायपुर
बुधवार 5 अगस्त 2026
श्रावण, कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष : 25, अंक : 16
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.5
न्यून. 27.3

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

क्रेडा, पीडब्ल्यूडी सहित चार विभागों ने जमा किए पैसे

विभागों ने नहीं दिया एडवांस, सरकारी कनेक्शन अभी तक प्रीपेड नहीं, अब 10 तक डेडलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरकारी विभागों के बिजली कनेक्शनों को एक अगस्त से प्रीपेड करने की योजना फिलहाल फेल हो गई है। प्रदेश के सरकारी विभागों को तीन-तीन माह के बिजली बिल का पैसा 31 जुलाई तक एडवांस में जमा करने का फरमान जारी किया गया था, लेकिन क्रेडा, पीडब्ल्यूडी सहित महज चार विभागों ने ही अब तक पैसा जमा किया है। ऐसे में अभी सरकारी विभागों के कनेक्शन प्रीपेड नहीं हो सके। छोटे-बड़े मिलाकर कुल 71 विभागों का ग्रुप बनाया गया है। अब विभागों को दस अगस्त की डेडलाइन दी गई है। सभी विभागों के पैसे जमा होने पर 11 अगस्त से कनेक्शन प्रीपेड किए जा सकते हैं। प्रदेशभर में ⏭शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप



बकाया चार हजार करोड़

सरकारी विभागों पर बकाया हमेशा परेशानी का कारण रहा है। कभी भी सरकारी विभाग अपना बिजली बिल जमा ही नहीं करते हैं। अंत में पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर बजट से पैसा लेना पड़ता है। इस समय सरकारी विभागों पर जुलाई की स्थिति में बकाया चार हजार करोड़ हो गया है। कनेक्शन जब से प्रीपेड किए जाएंगे, तब से बकाया को फ्रीज कर दिया जाएगा और इस बकाया को किस्तों में दिया जाएगा।

विभागों के बने ग्रुप

पहले चरण में ब्लाक स्तर पर करीब 45 हजार सरकारी बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड करने की तैयारी की गई थी, लेकिन अब लगभग सभी डेढ़ लाख कनेक्शनों को प्रीपैड किया जा रहा है। इसके लिए अब जिला स्तर पर जितने भी सरकारी विभाग है, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, पंचायतें, पुलिस सहित जितने भी विभाग हैं उनका-अलग अलग ग्रुप बनाया गया है। इसमें जिस विभाग के एक जिले में जितने भी दफ्तर होंगे, उनका एक माह का बिजली बिल कितना आता है, इसको देखा जा रहा है। इन विभागों को तीन-तीन के बिजली बिल के बराबर एडवांस में पैसा पॉवर कंपनी में जमा करना होगा। इसके लिए हर विभाग को अलग-अलग कोड भी दिया गया है। हर विभाग के लिए एक-एक नोडल अधिकारी भी बनाया गया है। पॉवर कंपनी इस प्रयास में थी कि सभी सरकारी विभाग जुलाई के अंत तक तीन-तीन माह का बिल एडवांस में जमा कर दें तो एक अगस्त से सभी सरकारी विभागों के कनेक्शनों को प्रीपैड कर ⏭शेष पेज 7 पर

खबर संक्षेप

राष्ट्रपति भवन में लगेंगे पुरी रथयात्रा के रथ के पहिए

भुवनेश्वर। पुरी की वार्षिक रथयात्रा में इस्तेमाल होने वाले तीनों रथों के पहियों को राष्ट्रपति भवन में लगाया जाएगा। उन्होंने भुवनेश्वर स्थित लोक भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उनके समक्ष यह प्रस्ताव रखा। राष्ट्रपति इस बात पर सहमत हो गईं कि तीनों रथों के पहिये राष्ट्रपति भवन में लगाए जाएं।



'बिग बॉस' के 20वें सीजन का आगाज 6 सितंबर से

मुंबई। रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 20वें सीजन का पहला 'टीजर' मंगलवार को जारी किया गया। जियोहॉटस्टार और कलर्स चैनल ने मंगलवार को 'टीजर' जारी किया। शो की मेजबानी एक बार फिर अभिनेता सलमान खान करेंगे। इसका प्रसारण 6 सितंबर से शुरू होगा। 'टीज़र' में सलमान खान घोड़े पर सवार होकर 'एंट्री' करते हैं और कहते हैं, जो करण अर्जुन में हुआ था।

अवर सचिव अनियमितता के आरोप में निलंबित

तिरुवंनतपुरम। केरल सरकार ने एक अवर सचिव को जेल में बंद भाजपा के पार्षद को शहर निकाय की बैठकों में शामिल होने के लिए पैरोल देने से जुड़ी फाइल पर कार्यवाही करने के दौरान अनियमितता बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है। पार्षद को केरल असामाजिक गतिविधि निवारण अधिनियम के तहत एहतियान हिरासत में रखा गया है।



नौकरी के नाम पर ठगी गिरोह का भंडाफोड़

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने नौकरी दिलाने के बहाने बेरोज़गारों के साथ कथित रूप से ठगी करने वाले एक गिरोह का भड़ाफोड़ करते हुए पांच महिलाओं समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पश्चिम दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में अपंजीकृत 'प्लेसमेंट' एजेंसी संचालित कर रहे थे। ऑनलाइन रोजगार पोर्टल के माध्यम से बेरोजगारों को लुभा रहे थे।

पूर्व राज्यपाल डी.वाई. पाटिल का निधन

मुंबई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं बिहार तथा त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल डी.वाई. पाटिल का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। राज्य में कई शिक्षण संस्थानों की स्थापना करा चुके वरिष्ठ नेता के परिवार में उनके बेटे सतेज पाटिल, संजय पाटिल और अजिंक्य पाटिल हैं।



'गजनी' फेम एक्टर प्रदीप का निधन

मुंबई। आमिर खान की सुपरहिट फिल्मों 'गजनी' और 'लगान' में अपने दमदार अभिनय से पहचान बनाने वाले दिग्गज एक्टर प्रदीप रावत का 74 की उम्र में निधन हो गया है। रावत के बिजनेस मैनेजर सिद्धार्थ तिवारी ने उनके निधन की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि एक्टर पिछले पांच साल से ब्लड कैंसर से जूझ रहे थे। इलाज के बाद उनकी तबीयत में सुधार भी हुआ था, लेकिन कुछ महीने पहले कैंसर दोबारा लौट आया।

कई राज्यों में बाढ़ के हालात, असम में करीब 1.3 लाख अब भी प्रभावित

असम में अब तक 87 मौतें, बिहार-बंगाल में तबाही, छग के उत्तरी इलाके में अलर्ट

देश के कई राज्यों में बाढ़-बारिश के हालात हैं। असम में बाढ़ के कारण दो और लोगों की मौत होने के साथ ही, इस प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 87 हो गई है। बिहार और पश्चिम बंगाल में आकाशीय बिजली गिरने से करीब 11 लोगों की मौत हो गई। इस बीच केरल और कर्नाटक में भी भारी बारिश ने तबाही मचाई है। इधर, मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के उत्तरी इलाके में बारिश का अलर्ट जारी किया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

असम में बाढ़ के कारण अधिकतर जलमग्न इलाकों से पानी का स्तर कम होने के बावजूद लगभग 1.3 लाख लोग अब भी इस आपदा से प्रभावित हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कुछ दिनों में अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में गरज के साथ अत्यधिक भारी बारिश का अनुमान जताया है, जिससे इन दोनों राज्यों की सीमा से लगे असम के कई जिले प्रभावित हो सकते हैं। मौसम कार्यालय ने कहा, मौसम के मिजाज से संकेत मिलता है कि मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स, पश्चिमी जैंतिया हिल्स और पूर्वी जैंतिया हिल्स तथा अरुणाचल प्रदेश के पापुमपारे, कुरुंग कुमेय, पूर्व कामेंग, पूर्व सियांग, लोहित और चांगलांग जिलों में अधिकतर स्थानों पर गरज-चमक के साथ अत्यधिक भारी बारिश (ऑरेंज और रेड अलर्ट) ⏭शेष पेज 5 पर



- देशभर में जनजीवन प्रभावित
- बिहार और पश्चिम बंगाल में बिजली गिरने से **11** की मौत, **14** घायल
- उत्तराखंड के चमोली में बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड
- राजस्थान में आज से मानसून कमजोर पड़ने लगेगा
- अगले 3 दिन प्रदेश में तेज बारिश का अलर्ट नहीं
- मध्य प्रदेश में **2** दिन बारिश के आसार नहीं, अब तक **16%** कम बरसात
- पंजाब और यूपी में अगले **24** घंटे में भारी बारिश के आसार

केरल में फिर अलर्ट



केरल में एक से चार अगस्त के बीच 205.8 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि सामान्य रूप से इस अवधि में 73.2 मिमी बारिश होती है। केरल के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के आठ जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है।

राजस्थान में फिर सक्रिय होगा मानूसन

मौसम विभाग के अनुसार छह-सात अगस्त को पूर्वी राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों में एक नया चक्रवाती परिसंचरण तंत्र बनने की संभावना है, जिससे मानसून फिर सक्रिय होगा और राज्यभर में वर्षा गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। विभाग का कहना है कि सात से 10 अगस्त तक भरतपुर, कोटा, जयपुर और अजमेर संभागों में कई स्थानों पर मध्यम से भारी तथा कुछ स्थानों पर अति भारी वर्षा होने की संभावना है।

तटीय कर्नाटक में मूसलाधार बारिश

तटीय कर्नाटक में मंगलवार को मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। उडुपी जिले के कुडांपुर तालुक में हकलाडी में पिछले 24 घंटों में सर्वाधिक 189 मिलीमीटर (मिमी) वर्षा दर्ज की गई। एक बयान में यह जानकारी दी गयी है। कर्नाटक राज्य आपदा निगरानी केंद्र द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अरब सागर और पश्चिमी घाट क्षेत्र के ऊपर दक्षिणपश्चिम मानसून की सक्रियता से इस पूरी तटीय क्षेत्र में भारी बारिश हुई है। दक्षिण कन्नड़ जिले में भी भारी वर्षा दर्ज की गई जहां उप्पीनांगडी में 122.8 मिमी तथा बेलथांगडी में 100.8 मिमी बारिश हुई।

हाथी के तीन जबड़े के साथ गिरोह के तीन सदस्य हुए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/रामानुजगंज

वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई के तहत वन्य जीवों के अंगों की तस्करी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है। टीम ने सोमवार को एक धर्मशाला में छापामार कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे हाथी के तीन जबड़े को जब्त किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक झारखण्ड का निवासी है जबकि दो रामानुजगंज ब्लॉक के है। सरगुजा संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में वन्यजीवों का शिकार एवं उनके अंगों की तस्करी करने की सूचना पर वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरों की ⏭शेष पेज 5 पर

हाथी दांत बताकर बेचते हैं टुकड़ों में

वन अधिकारियों के अनुसार तस्कर जबड़े को टुकड़ों में काटकर उसे हाथी दांत बताकर महंगे दामों में बेचते हैं। आयुर्वेदिक दवाओं में भी जबड़े का उपयोग किया जाता है। हाथी दांत की कीमत अत्यधिक होने के कारण दवा बनाने के लिए जबड़े का उपयोग किया जाता है। लोगों में यह अंधविश्वास भी है कि हाथी का जबड़ा व दांत रखने से परिवार में सुख समृद्धि आती है।

चल रही है जांच

तस्करों को जेल दाखिल किया गया है। विभिन्न बिन्दुओं पर मामले की जांच की जा रही है। मामले में अन्य आरोपियों के शामिल होने की संभावना पर तस्करों का कॉल डिटेल निकालकर उसका परीक्षण किया जाएगा।

-**आलोक वाजपेयी,** वन मण्डलाधिकारी, बलरामपुर

पहले भी हो चुकी है ऐसी घटना

एएसआई ने दो जवानों की हत्या के बाद की खुदकुशी

एजेंसी ⏭ नगांव

असम के नगांव जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक अधिकारी ने अपने दो साथियों की गोली मारकर हत्या और एक अन्य को घायल करने के बाद आत्महत्या कर ली। नगांव की पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) परमिता सरकार ने बताया कि यह घटना कटिमारी में 34 बटालियन शिविर में सुबह करीब सात बजे हुई, जब मेन गेट पर ड्यूटी पर तैनात सहायक उपनरीक्षक बल्लानी प्रेमाबरम ने अपने साथियों पर गोली चला दी।

क्या है पूरा मामला?

सोमवार तड़के शिविर में बलानी की कथित तौर पर यादव और बघेल से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया। तभी बलानी ने सरकारी असॉल्ट राइफल से जवानों पर करीब से गोलीबारी कर दी।

पीवीसी पाइप लगाकर कर रहे थे काम, 11केवी तार के संपर्क में आकर दो मजदूरों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध तरीके से निर्माणधीन मकान में काम कर रहे मजदूरों की 11 किलो वाट के करंट में चिपक कर दो मजदूर काल के गाल में समा गए है। मंगलवार की दोपहर बाद करीब 4 बजे घटना उस समय की है जब रिंग रोड स्थित स्वर्ण जयंती कालोनी में निर्माणधीन मकान में श्रमिक कॉलम के लिए पटिया लगाने का काम कर रहे थे और करेंट की चपेट में आ गए। शहर में अवैध निर्माण की बाढ़ सी आ चुकी है, जिसके कारण रोजाना हादसे सामने आ रहे हैं। ऐसा ही हादसा ⏭शेष पेज 7 पर



- स्वर्ण जयंती कालोनी में हुआ दर्दनाक हादसा
- रहवासियों ने देखा करंट से जलते मजदूर, मचा हड़कंप

जांच की जा रही

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई थी। मजदूरों की मौत करंट लगाने से बताई गई है। जांच जारी है।

-किशोर केंवट
टीआई, सिविल लाइन

निर्माणकर्ता को देंगे नोटिस

11 केवी लाइन से संपर्क में आने के बाद बचना मुश्किल है। लाइन में पाइप लगा दिख रहा है लेकिन यह किसने लगाया है इसकी परमिशन ली गई है या नहीं इसकी जानकारी अभी नहीं है। निर्माणकर्ता को नोटिस दिया जाएगा। कार्रवाई तय की जाएगी।

-भरत भूषण नेताम
ईई, विद्युत विभाग

अंतरिम महासचिव ने की रिकॉर्ड की समीक्षा

बैंक लॉकर में रखे राममंदिर के सोने-चांदी का देखा रिकॉर्ड

एजेंसी ⏭ अयोध्या

अयोध्या स्थित राम मंदिर ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव ने यहां एक बैंक लॉकर में रखे करोड़ों रुपये के सोने, चांदी और अन्य कीमती धातुओं के साथ-साथ उनसे जुड़े रिकॉर्ड की समीक्षा की। सूत्रों के अनुसार अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन सोमवार की शाम अयोध्या में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा गए और देर रात तक वहां रुके। उन्होंने बताया कि इस दौरान कीमती सामान की सूची तैयार की गई और बैंक लॉकर में जमा सोने, चांदी और अन्य कीमती धातुओं की तस्वीरें ली गईं।



व्यवस्थाओं पर कही यह बात

कृष्ण मोहन ने बैंक के अपने दौरे के बारे में मीडिया के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। हालांकि राम मंदिर में व्यवस्थाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, आप आएं, दर्शन करें और खुद देखें... अगर कोई कमी हो, तो हमें बताएं।

13 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचाया गया

लाल सागर में भारतीय जहाज पर हमला, डूबा कार्गो पोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लाल सागर में एक बार फिर समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। भारत के झंडे वाला एक मालवाहक जहाज विस्फोटकों से लदी नाव के हमले का शिकार हो गया और बाद में समुद्र में डूब गया। राहत की बात यह रही कि जहाज पर सवार सभी 14 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया, जिनमें 13 भारतीय और एक यमनी नागरिक शामिल हैं। भारतीय ध्वज वाले कार्गो पोत फैजे नूरे ओलिया पर यमन के पश्चिमी तट के पास हमला हुआ। सरकारी समर्थन प्राप्त नेशनल रेजिस्टेंस फोर्स के अनुसार, यह हमला हूती नियंत्रण वाले होदेदाह बंदरगाह से करीब 13 समुद्री मील दक्षिण में हुआ।



बचाव अभियान में क्या हुआ

हमले के बाद यमन की तटरक्षक और नौसैनिक इकाइयों ने तुरंत संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान जहाज पर मौजूद सभी 14 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इनमें 13 भारतीय नाविक और एक यमन का नागरिक शामिल था। बचाए गए सभी लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश

केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि यमन के समुद्री क्षेत्र के पास भारतीय ध्वज वाले एक वाणिज्यिक पोत पर हमला हुआ। भारत ने बिना किसी उकसावे के 'एमएसवी फैज नूर ओलीया' पर किए गए इस हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, हमारे लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुझे यह बताते हुए राहत है कि सभी 14 नाविकों को यमनी तटरक्षक बल ने सुरक्षित बचा लिया है।

24 घंटे के लिए एकाउंट्स को जांच के घेरे में डाला

अचानक बंद हुआ व्हाट्सएप, दिखा 'अंडर रिव्यू'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कई यूजर्स के व्हाट्सएप एकाउंट्स बिना किसी चेतावनी के अचानक बंद हो गए। स्क्रीन पर 'अकाउंट रिव्यू में है' का मैसेज दिखाई देने लगा। इसके चलते ऐप के सभी फीचर्स ब्लॉक हो गए और 24 घंटे के लिए एकाउंट्स को जांच के घेरे में डाल दिया गया। अचानक हुई इस रुकावट से परेशान होकर यूजर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शिकायतें कीं। मेटा के स्वामित्व वाला इंस्टेंट मैसेजिंग एप व्हाट्सएप कई एकाउंट्स की जांच कर रहा है।



क्या कहा व्हाट्सएप ने

रिपोर्ट के अनुसार, व्हाट्सएप के एक प्रवक्ता ने कहा कि हम हमेशा उन लोगों से आगे रहने की कोशिश करते हैं, जो हमारी सर्विस का गलत इस्तेमाल करने की कोशिश करते हैं और दूसरे यूजर्स को सुरक्षित रखने के लिए अकाउंट्स को बैन करते हैं।

व्हाट्सएप कर रहा जांच


दरअसल, व्हाट्सएप यूजर्स को रात करीब 8 बजे इस दिक्कत के बारे में तब पता चला, जब मेटा के मैसेजिंग ऐप ने बिना किसी चेतावनी के अचानक काम करना बंद कर दिया या एकाउंट्स को जांच पर डाल दिया। यूजर्स को ऐप की स्क्रीन पर एक मैसेज 'एकाउंट्स रिव्यू में है' दिखाई दिया।

सोशल मीडिया पर यूजर्स ने की शिकायत

यूजर्स ने एप में आ रही समस्याओं के अलग-अलग स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। एक यूजर ने सोशल मीडिया पर लिखा मेरा व्हाट्सएप एकाउंट्स बिना किसी कारण के डिसेबल कर दिया गया है। मैंने पहले ही अपील कर दी है, लेकिन रिव्यू पेज पर सिर्फ एक सामान्य मैसेज दिखाई दे रहा है, जिसमें कहा गया है कि इसे आमतौर पर 24 घंटे के भीतर रिव्यू किया जाएगा। एक्स पर एक और अकाउंट से पोस्ट किया गया।

चिंतन

सोशल मीडिया पर जवाबदेही जरूरी



मुद्दा
पंकज चतुर्वेदी

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया केवल संवाद और मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह सूचना, राजनीति, कारोबार और जनमत निर्माण की एक ऐसी ताकत बन चुका है, जिसका प्रभाव समाज के हर वर्ग पर पड़ता है। करोड़ों लोग फेसबुक, इंस्टाग्राम और दूसरे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मिलने वाली सूचनाओं को सच मानकर आगे बढ़ाते हैं। ऐसे में इन प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित या हटाई जाने वाली सामग्री के पीछे काम करने वाली तकनीक और उसके संचालकों की जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो जाती है। एल्गोरिदम की गलती को जवाबदेही से अलग नहीं किया जा सकता। भारत सरकार और मेटा की ग्लोबल टीम के बीच 5 और 6 अगस्त को होने वाली बैठक इसी लिहाज से महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार ने मेटा के प्रतिनिधियों को तलब कर चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मटेरियल यानी सीएसएएम पर नियंत्रण में कथित चूक, फर्जी और सिंथेटिक एआई कंटेंट तथा बड़े नेताओं के वेरिफाइड अकाउंट्स पर गलत कार्रवाई जैसे गंभीर मुद्दों पर जवाब मांगा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा कंपनी के अब तक के जवाबों को नाकाफी माना जाना इस बात का संकेत है कि सरकार अब प्लेटफॉर्म की कंटेंट मॉडरेशन व्यवस्था को अधिक गंभीरता से परखना चाहती है। सबसे गंभीर विषय बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री है। यदि किसी प्लेटफॉर्म के विज्ञापन तंत्र या मॉडरेशन सिस्टम से ऐसी सामग्री गुजर जाती है तो इसे सामान्य तकनीकी चूक कहकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यहां सवाल किसी एक पोस्ट या एक अकाउंट का नहीं, बल्कि उस पूरी व्यवस्था का है जो सामग्री की पहचान, समीक्षा और विज्ञापन को मंजूरी देती है। बच्चों की सुरक्षा के मामले में 'मशीन से गलती हो गई' कोई पर्याप्त जवाब नहीं हो सकता। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीडियो का कुछ समय के लिए हटना भी तकनीकी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है। यदि मेटा के अनुसार यह तकनीकी त्रुटि थी और बाद में सामग्री बहाल कर दी गई, तो कंपनी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि गलती किस स्तर पर हुई और उसे दोबारा रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए। किसी भी आम नागरिक की सामग्री गलत तरीके से हटाना भी अनुचित है, लेकिन देश के प्रधानमंत्री के आधिकारिक खाते से जुड़ी सामग्री के मामले में पारदर्शिता की अपेक्षा और बढ़ जाती है। कंटेंट हटाने और अकाउंट पर कार्रवाई के स्पष्ट नियम होने चाहिए। डिजिटल प्लेटफॉर्म को अपनी कंटेंट मॉडरेशन व्यवस्था के बारे में अधिक पारदर्शी होना होगा। किस आधार पर कोई पोस्ट हटाई गई, किस स्तर पर उसकी समीक्षा हुई, अपील की क्या व्यवस्था है और गंभीर चूक होने पर जिम्मेदारी किसकी होगी? ये ऐसे सवाल हैं जिनका स्पष्ट जवाब दिया जाना जरूरी है। विशेष रूप से एआई के बढ़ते इस्तेमाल के दौर में फर्जी और सिंथेटिक कंटेंट की पहचान बड़ी चुनौती बन रही है। ऐसे में केवल मशीनों के भरोसे इस चुनौती का समाधान संभव नहीं होगा। मशीन निर्णय ले सकती है, लेकिन अंतिम जवाबदेही इंसानी व्यवस्था की ही होनी चाहिए। तकनीकी गलती हो सकती है, लेकिन उस गलती को सुधारने, कारण बताने और भविष्य में उसकी पुनरावृत्ति रोकने की जिम्मेदारी कंपनी की होनी चाहिए। सरकार और मेटा को स्पष्ट सुरक्षा मानक, नियमित स्वतंत्र ऑडिट, पारदर्शी मॉडरेशन व्यवस्था और गंभीर चूक पर जवाबदेही की ठोस व्यवस्था निकालनी चाहिए। डिजिटल दुनिया में आजादी और सुरक्षा के बीच संतुलन तभी कायम होगा, जब तकनीक को ताकत मिले, लेकिन जवाबदेही उससे बड़ी रहे।

पर्यावरण के विध्वंस पर विकास की मुहर नहीं

> विकास की अंधी दौड़ और पर्यावरण संरक्षण के बीच लंबे समय से चल रहे टकराव के बीच देश के सर्वोच्च न्यायालय का ताजा फैसला एक मील का पत्थर साबित होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार के उस कार्यालय ज्ञापन को निरस्त कर दिया है, जिसके आधार पर बिना पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति के शुरू हो चुकी विकास और औद्योगिक परियोजनाओं को बाद में वैध ठहराने का रास्ता बनाया गया था। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि पर्यावरणीय स्वीकृति किसी औपचारिक सरकारी मुहर का नाम नहीं, बल्कि एक अनिवार्य कानूनी और वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसे किसी प्रशासनिक आदेश के सहारे कमजोर नहीं किया जा सकता।

विकास की अंधी दौड़ और पर्यावरण संरक्षण के बीच लंबे समय से चल रहे टकराव के बीच देश के सर्वोच्च न्यायालय का ताजा फैसला एक मील का पत्थर साबित होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार के उस कार्यालय ज्ञापन को निरस्त कर दिया है, जिसके आधार पर बिना पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति के शुरू हो चुकी विकास और औद्योगिक परियोजनाओं को बाद में वैध ठहराने का रास्ता बनाया गया था। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि पर्यावरणीय स्वीकृति किसी औपचारिक सरकारी मुहर का नाम नहीं, बल्कि एक अनिवार्य कानूनी और वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसे किसी प्रशासनिक आदेश के सहारे कमजोर नहीं किया जा सकता।

यह निर्णय हमारी न्याय व्यवस्था में पर्यावरण के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता का ही नहीं, बल्कि कानून के शासन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। इस फैसले ने उस खतरनाक प्रवृत्ति पर गहरी चोट की है जिसमें परियोजनाएं पहले नियमों को ताक पर रखकर शुरू कर दी जाती थीं और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के बाद पिछले दरवाजे से कागजी वैधता हासिल कर ली जाती थी। वर्षों से यह देखा जा रहा था कि उद्योग, खनन, सड़क, बिजली और अन्य निर्माण परियोजनाएं बिना समुचित पर्यावरणीय जांच के आरंभ हो जाती थीं। जंगलों की कटाई होती थी, पहाड़ों का सीना चीर दिया जाता था, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में बदलाव कर दिया जाता था और जब विरोध बढ़ता था या मामला अदालत तक पहुंचता था, तब सरकारें कार्यालय ज्ञापनों और प्रशासनिक आदेशों के माध्यम से इन उल्लंघनों को नियमित करने का प्रयास करती थीं। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट संदेश दिया है कि पर्यावरण जैसे गंभीर विषय पर ऐसे शॉर्टकट स्वीकार नहीं किए जा सकते। वर्ष 2006 की पर्यावरण प्रभाव आकलन व्यवस्था का मूल उद्देश्य यही था कि किसी भी बड़ी परियोजना के शुरू होने से पहले यह वैज्ञानिक रूप से जांच हो कि उसका जंगलों, जलस्रोतों, वन्य जीवों, खेती और स्थानीय आबादी पर क्या प्रभाव पड़ेगा। यदि संभावित नुकसान सामने आता है तो उसे कम करने के उपाय पहले से तय किए जाएं। यही कारण है कि इसे पूर्व स्वीकृति कहा गया है। यदि परियोजना शुरू होने के बाद अनुमति दी जाएगी तो पूरी प्रक्रिया केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगी। जिस जंगल की कटाई हो चुकी हो, जिस नदी का प्रवाह बदल चुका हो या जिस पहाड़ी को खोद दिया गया हो, वहां बाद की स्वीकृति प्रकृति को उसके पुराने स्वरूप में वापस नहीं ला सकती। यह निर्णय केवल पर्यावरण की रक्षा का मामला नहीं है, बल्कि सुशासन और जवाबदेही का भी प्रश्न है। जब नियम तोड़ने के बाद भी वैधता मिलने की संभावना बनी रहती है, तब कानून का सम्मान कम होता है और भ्रष्टाचार के अवसर बढ़ते हैं। परियोजनाओं को बाद में नियमित करने की व्यवस्था प्रशासनिक और राजनीतिक दबावों के लिए भी रास्ता खोल देती है। इससे यह संदेश जाता है कि पहले निर्माण कर लो, बाद में कागजी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी। सर्वोच्च न्यायालय ने इस प्रवृत्ति पर रोक लगाकर यह स्पष्ट कर दिया है कि कानून का पालन पहले होगा और विकास उसके बाद। देश के पर्यावरण पर इस फैसले का दूरगामी और सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भारत पहले ही जलवायु



परिवर्तन के गंभीर प्रभावों का सामना कर रहा है। कहीं भीषण बाढ़ है, कहीं लंबे सूखे की मार है, कहीं भूस्खलन बढ़ रहे हैं तो कहीं नदियां सिकुड़ रही हैं। हिमालयी राज्यों में अनियोजित निर्माण और अंधाधुंध खनन ने अनेक प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता बढ़ा दी है। पश्चिमी घाट, अरावली, मध्य भारत के वन क्षेत्र और तटीय इलाके भी लगातार दबाव झेल रहे हैं। यदि विकास परियोजनाओं का पर्यावरणीय मूल्यांकन ईमानदारी से पहले किया जाएगा तो अनेक संभावित नुकसान समय रहते रोके जा सकेंगे। इससे केवल प्रकृति ही नहीं बचेगी, बल्कि भविष्य में होने वाले आर्थिक नुकसान और मानवीय त्रासदियों को भी कम किया जा सकेगा।

इस फैसले का एक महत्वपूर्ण पक्ष स्थानीय समुदायों के अधिकारों से भी जुड़ा है। बड़ी परियोजनाओं का सबसे अधिक असर आदिवासी, ग्रामीण और वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों पर पड़ता है। उनकी आजीविका जंगल, जल और जमीन पर निर्भर होती है। यदि पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन पहले होगा और लोगों की आपत्तियों तथा सुझावों को गंभीरता से सुना जाएगा तो विकास अधिक न्यायपूर्ण और सहभागी बन सकेगा। लोकतंत्र का अर्थ केवल परियोजनाओं को मंजूरी देना नहीं, बल्कि उनसे प्रभावित लोगों की आवाज को भी महत्व देना है। बेशक, इस निर्णय से कुछ लोगों को यह आशंका हो सकती है कि विकास परियोजनाओं की गति धीमी पड़ जाएगी। यह चिंता पूरी तरह निराधार भी नहीं है। कई परियोजनाएं वर्षों तक फाइलों में अटकी रहती हैं, जबकि कुछ मामलों में बिना पर्याप्त जांच के मंजूरी भी मिल जाती है। इसलिए आवश्यकता केवल सख्ती की नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था की भी है जिसमें वैज्ञानिक जांच पूरी गंभीरता से हो और निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्णय लिया जाए। विकास और पर्यावरण को आमने-सामने खड़ा करना अपने आप में एक बड़ी भूल है। स्वच्छ हवा, सुरक्षित जल, उपजाऊ भूमि और स्वस्थ जंगल किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। यदि विकास के नाम पर इन्हें नष्ट कर दिया जाएगा तो भविष्य में बाढ़ नियंत्रण, जल संकट, स्वास्थ्य सेवाओं और आपदा प्रबंधन पर कहीं अधिक धन खर्च करना पड़ेगा। इसलिए पर्यावरण संरक्षण विकास का विरोध नहीं, बल्कि टिकाऊ और सुरक्षित विकास की पहली शर्त है। यह भी उल्लेखनीय है कि न्यायालय ने अपने निर्णय को भविष्य में लागू करने का रास्ता अपनाया है ताकि पहले से वैध हो चुकी परियोजनाओं पर अचानक संकट न आ जाए। इससे यह स्पष्ट होता है कि अदालत ने पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक स्थिरता, दोनों के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया है। साथ ही उसने भविष्य के लिए यह स्पष्ट लक्ष्मण रेखा भी खींच दी है कि अब नियमों की अनदेखी कर बाद में वैधता हासिल करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। वास्तव में यह फैसला केवल एक कार्यालय ज्ञापन को रद्द करने का निर्णय नहीं है। यह शासन व्यवस्था, उद्योग जगत और समाज, तीनों के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि विकास का रास्ता कानून और प्रकृति के सम्मान से होकर ही जाता है।

भारत को सड़कें, उद्योग, बिजली और आधुनिक आधारभूत ढांचा अवश्य चाहिए, लेकिन वह विकास तभी सार्थक होगा जब आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ नदियां, सुरक्षित जंगल, संतुलित जलवायु और स्वस्थ जीवन भी बचा रहे। सर्वोच्च न्यायालय ने याद दिलाया है कि प्रकृति के नियमों की अनदेखी करके प्राप्त किया गया विकास अंततः विनाश का ही दूसरा नाम होता है। यदि इस निर्णय की भावना को ईमानदारी से लागू किया गया तो यह भारत में विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
ऋतुपर्ण दवे




बड़ा संकेत दे गए तीन राज्यों के चुनाव परिणाम

तीन अगस्त को तीन राज्यों के नतीजे बहुत बड़े संकेत हैं। निश्चित रूप से बिहार का नतीजा जहां सत्ताधारी दल के लिए हैरान और परेशान करने वाला रहा, वहीं मध्यप्रदेश का नतीजा सत्ताधारी दल की अन्दरूनी गुटबाजी का परिणाम रहा। गुजरात में भाजपा की जीत स्वाभाविक कही जा सकती है। सबसे चर्चित जीत रही प्रशान्त किशोर उर्फ पीके की, क्योंकि राज्य की जनता को विकल्प के तौर पर एक नया दल जनसुराज जो मिल गया। पहले बिहार वासियों के पास दो ही विकल्प थे, राजद और भाजपा। राजद से मोहभंग हो गया था और पीके मतदाताओं के बीच अपनी जगह बनाने की कवायद कर रहे थे। हालांकि, बीते विधानसभा चुनाव में उनका एक भी प्रत्याशी नहीं जीता और वो खुद चुनाव में खड़े नहीं हुए। वे बिहार की नब्ज को टटोलते रहे। इसी बीच नितिन नबीन के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनकी बांकीपुर सीट खाली हुई जो पीके के लिए मौके पर चौका लगाने जैसा रहा। बांकीपुर सीट पटना के शहरी इलाके की है, जिसे शुरू से ही भाजपा का मजबूत गढ़ माना जाता रहा। इस नतीजे ने न केवल यह मिथक तोड़ा बल्कि भाजपा में खलबली मचा दी। माना जा रहा है कि पेपर लीक और परीक्षाओं में धांधलियों के चलते युवाओं की नाराजगी और जंतर-मंतर पर चले लंबे आन्दोलन ने भी भाजपा की छवि पर डेन्ट लगाया। इधर, भाजपा अति आत्मविश्वास में थी और यह समझने में नाकाम रही कि हवा हमेशा एक ही दिशा में नहीं बहती। चंदा चोरी और जेन-जी आन्दोलन के बीच भाजपा ने अपने 40 स्टार प्रचारक उतार दिए। लेकिन राजद के चार सांसद तक बांकीपुर नहीं पहुंचे। इतना ही नहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव तो विदेश चले गए, जिन्होंने आखिर में रोड शो किया। तब तक बांकीपुर के मतदाताओं को यह समझना आसान हो गया कि तेजस्वी यादव और राजद अपने उम्मीदवार को लेकर गंभीर नहीं है। संकेत साफ रहा कि मतदाता को कहीं और शिफ्ट होना था। विकल्प के तौर पर पढ़ा-लिखा, राजनीति को समझने-जानने वाले रणनीतिकार के रूप में पीके का नाम था इसलिए ज्याद सोचने-समझने के बजाए बिहार और देश के हालातों को देखते हुए मतदाताओं ने इस छोटे से चुनाव में बड़ा संदेश दे दिया। भाजपा को नुकसान पहुंचाने में भरत तिवारी एनकाउंटर मामला भी माना जा रहा है। इस एनकाउंटर ने न केवल युवाओं बल्कि खुल कर भाजपा के सवर्ण विरोधी होने को जबरदस्त हवा दी। भाजपा के तमाम जिम्मेदारों और रणनीतिकारों ने भाजपा विरोधी माहौल को थामने और बदलने की कोशिश की, पर यह हो न सका। अंततः जीत भाजपा के हाथ से निकल गई और कई दशकों से भाजपा की परंपरागत कहलाने वाली बांकीपुर और नितिन नबीन के कारण अतिप्रतिष्ठित हुई सीट हाथ से निकल गई। अब बिहार की राजनीति को समझने वाले कह रहे हैं कि पीके भाजपा सरकार, विशेषकर सम्राट चौधरी के लिए सदन के अन्दर भी और बाहर भी मुश्किलें बढ़ाएंगे क्योंकि उनका मकसद सिर्फ विधायकी नहीं बल्कि अपनी पार्टी को बिहार में नया मुकाम देना है। यही स्थिति मध्यप्रदेश के दतिया में रही। 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में दतिया से नरोत्तम मिश्रा की हार के बाद भाजपा के अन्दरूनी हलकों में कहीं खुशी, कहीं गम का माहौल था। वहां से चुने गए कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को बैंक धोखाधड़ी मामले में दोषी ठहराए जाने और सजा होने के बाद अप्रैल में अयोग्य घोषित कर दिए जाने से हुए उपचुनाव में घनश्याम सिंह ने कांग्रेस से चुनाव लड़कर सीट को बरकरार रखा। लेकिन इसमें सबसे ज्यादा बिना चुनाव लड़े मुश्किल नरोत्तम मिश्रा की हुई। उन्होंने चुनाव से काफी पहले ही प्रचार और जनसंपर्क बढ़ा दिया था, लेकिन ऐन वक्त पर उन्हें टिकट नहीं मिली। इस कारण यह सीट बहुत ही बड़ी प्रतिष्ठा का कारण बन गई। नरोत्तम मिश्रा की स्थिति न उगल पाने, न निगल पाने जैसी हो गई। यदि यहां से भाजपा जीतती तो उनका राजनीतिक कद घटता और अब कांग्रेस जीत गई है तो भी उनके राजनीतिक भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। लेकिन नरोत्तम मिश्रा की मुसीबतें तो बढ़ीं। कांग्रेस की जीत के बाद प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की संगठन में स्थिति और मजबूत होगी। मांजलपुर सीट से भाजपा की प्रचण्ड मतों से जीत ने पार्टी के लिए जश्न का मौका जरूर बरकरार रखा। हां, कोई माने या न माने भले ही सार्वजनिक न हो लेकिन अन्दरूनी तौर पर भाजपा भी गुटबाजी से उबर नहीं पा रही है। जेन-जी आन्दोलन, पेपर लीक और भी कुछ मुद्दों पर पार्टी में अलग-अलग विचार समझ आने लगे हैं। इन चुनाव नतीजों के बाद स्थिति-परिस्थिति क्या बनेगी, इसके लिए थोड़ा इंतजार करना होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


सुख की चाह के लिए तप की साधना जरूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।


गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूं पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दियाः राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है... गुरूजी ने कहाः राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहां पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है। गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊंचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

अंतर्मन



आज की पाती

हर मां को मिले सहयोग हर शिशु को मिले पोषण

शिशुओं के लिए स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के क्रम में प्रतिवर्ष 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य सभी माताओं, परिवारों, स्वास्थ्यकर्मियों और नीति-निर्माताओं को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा प्रत्येक शिशु को जीवन की सर्वोत्तम शुरुआत दिलाना है। इस अभियान को विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ के साथ ही साथ वर्ल्ड अलायंस फोर ब्रेस्टफीडिंग एक्शन का व्यापक समर्थन प्राप्त है। इस सप्ताह को मनाने की शुरुआत 1992 में 'वर्ल्ड अलायंस फॉर ब्रेस्टफीडिंग एक्शन' ने विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ के साथ मिलकर की थी। हर मां को सहयोग और हर शिशु को पोषण मिलना ही चाहिए।

-सुनील कुमार यादव, जगदलपुर

ट्रेंड

पाटील का निधन दुःखद



महाराष्ट्र के जाने-माने शिक्षाविद्, समाजसेवी व पूर्व राज्यपाल डॉ. डी. वाई. पाटील का निधन दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें व उनके परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति दें।

- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

'कवच योजना' को मंज़ूरी



आज कैबिनेट ने 'कवच योजना' को मंज़ूरी दी है, जिसके तहत लगभग 5,000 किसानों को नई क्रेडिट सुविधाओं तक पहुंच देकर मुख्यधारा से जोड़ने का फैसला किया गया है। इसके अलावा, विकास और जन-कल्याण से जुड़े अन्य फैसले भी लिए गए हैं।

- **डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश

जनता का शुक्रिया



हम गुजरात के मंजलपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जताया। इस जीत के लिए हम बीजेपी के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई देते हैं।

- **नितिन नवीन,** अध्यक्ष, भाजपा

छात्रों का आंदोलन



झारखंड में छात्रों का आंदोलन अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह करता हूँ कि झारखंड के छात्रों के हित में वे तुरंत उनके प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करें। उनकी मांगों के लिए सार्थक कदम उठाएं।

- **रघुवर दास,** पूर्व सीएम, झारखंड

करंट अफेयर

फर्जीवाड़े को लेकर 25 लोगों की अमेरिकी नागरिकता होगी रद्द



अमेरिका में पहचान संबंधी जानकारी में कथित फर्जीवाड़े से लेकर हत्या के प्रयास और बाल यौन शोषण जैसे आरोपों वाले मामलों में भारतीय मूल के एक व्यक्ति सहित 25 लोगों की नागरिकता रद्द की जा रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी न्याय मंत्रालय ने 65 वर्षीय नरिंदर सिंह के खिलाफ डेलावेयर जिला न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। उन पर अमेरिका में प्रवेश पाने के लिए फर्जी पहचान का सहारा लेने का आरोप है। न्याय मंत्रालय के मुताबिक सिंह ने 1996 में अमेरिका में प्रवेश के लिए गलत पहचान का इस्तेमाल किया और एक मई, 2008 को अमेरिका के नागरिक बन गए। शिकायत में उनके कई गलत बयानों और गैर-कानूनी कामों का जिक्र करते हुए सात आरोप लगाए गए हैं। जिन 25 लोगों के खिलाफ नागरिकता रद्द करने की कार्यवाही शुरू की गई है उनमें पाकिस्तानी मूल के दो लोग- जिया मुराद भट्टी और मोहम्मद वासिफ भी शामिल हैं। उन पर पहचान से जुड़ी गलत जानकारी देने के आरोप हैं। कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांश ने सोमवार को एक बयान में कहा, 'अमेरिका की नागरिकता हमारे देश के सर्वोच्च विशेषाधिकारों में से एक है और इसे वैध तरीके एवं ईमानदारी से ही हासिल किया जाना चाहिए।'

ऑफ बीट

तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6



ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4 .5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative
GRANULES & TABLETS
कब्ज़ • गैस एसिडिटी
पेट सफा तो हर रोग दफा
24x7 Helpline 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
SELECTED NO.1 BRAND INDIA 2016
दिविसा हर्बल केयर प्रस्तुत करते हैं पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स, जिसे सेवन करना है बिल्कुल आसान, और परिणाम है पहले दिन से
Clinically Tested*
इसकी आदत भी नहीं बनती
Divisa



10 साल बाद लीड हीरो बनकर लौटेंगे इमरान

मुंबई। अभिनेता इमरान खान ने काफी वक्त से स्क्रीन से दूरी बना कर रखी थी। मगर अब वह बतौर लीड एक्टर दमदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक बातचीत के दौरान उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने हा, 'मेरी फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। यह फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन में है और इस साल के अंत तक इसके रिलीज होने की उम्मीद है। यह एक एडल्ट रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो मेरे जीवन के मौजूदा हालात दर्शाती है।' इमरान खान आखिरी बार साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'कट्टी बट्टी' में बतौर लीड हीरो नजर आए थे।





जाफर सुपरमैक्स में विल के साथ करेंगे काम

लॉस एंजिल्स। एक्टर जाफर जैक्सन ने अपने दिवंगत अंकल पॉपस्टार माइकल जैक्सन का किरदार उनकी बायोपिक में निभाया था। फिल्म में उनके अभिनय के लिए काफी सराहना मिली थी। एक्टर अब जल्द ही एक्शन थ्रिलर 'सुपरमैक्स' में विल स्मिथ के साथ नजर आएंगे। हालांकि, उनके किरदार की जानकारी फैंस को अब तक नहीं दी गई है। मगर वह फिल्म में एक महत्त्वपूर्ण किरदार निभा सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा। कहानी दे एफबीआई एजेंट्स और उनकी जांच पर आधारित बताई जा रही है। जो एक उच्च सुरक्षा वाली जेल के अंदर एक असंभव सी लगने वाली हत्या की जांच करते हैं। यह दोनों किरदार विल स्मिथ और एना सोफिया रॉब निभाएंगे। फिल्म का निर्देशन डेविड ग्रीन कर रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण अमेजन एमजीएम स्टूडियो और मिरामैक्स मिल कर करेंगे। एक्टर जाफर जैक्सन फिल्म 'माइकल' के बाद दुनियाभर में पहचाने जाने लगे हैं। फिल्म दिवंगत पॉपस्टार माइकल जैक्सन के जीवन पर आधारित है।

लाइफ Style

तृषा

लोगों ने किया है मर्यादा का उल्लंघन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु में कावेरी जल विवाद पर आयोजित रैली के दौरान डीएमके नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने ऐसा बयान दिया, जिस पर हंगामा हो रहा है। उन्होंने कथित तौर पर साउथ इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री तृषा पर यह टिप्पणी की थी। उनकी टिप्पणी को लेकर आलोचना हो रही है।

यह पहली बार नहीं है, जब तृषा पर निशाना साधा गया हो। इससे पहले भी उन पर तमाम लोगों ने मर्यादा का उल्लंघन कर आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी की हैं। साल 2023 में अभिनेता मंसूर अली खान ने फिल्म 'लिओ' की सफलता के बाद तृषा कृष्णन को लेकर एक आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की थी। इस पर महिला आयोग ने भी मंसूर अली खान के खिलाफ एक्शन लिया था। दरअसल, तृषा और मंसूर अली खान ने लोकेश कनगराज की फिल्म 'लियो' में साथ काम किया था। हालांकि, फिल्म में दोनों ने स्क्रीन स्पेस साझा नहीं किया था। फिल्म के बाद मंसूर अली खान ने कहा था, 'जब मैंने सुना कि मैं तृषा के साथ काम कर रहा हूं, तो मैंने सोचा कि फिल्म में एक बेडरूम सीन होगा। लेकिन, इन लोगों ने कश्मीर शेड्यूल के दौरान सेट पर तृषा को मुझे दिखाया भी नहीं'। इस टिप्पणी पर तृषा ने नाराजगी जाहिर करते हुए मंसूर के साथ कभी काम न करने की बात कही थी। इतना ही नहीं, फरवरी 2024 में तृषा कृष्णन पर एआईडीएमके के पूर्व नेता एवी राजू ने अभद्र टिप्पणी करते हुए एक आरोप लगाया था। राजनेता ने एक्ट्रेस की निजी जिंदगी पर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।



बंटवारा की रिलीज से पहले पहुंचे गुरुद्वारा

मुंबई। एक्टर सनी देओल अपनी आने वाली फिल्म 'बंटवारा 1947' की रिलीज की तैयारी में जुटे हुए हैं। फिल्म के रिलीज से पहले एक्टर्स ने श्री पटना साहिब गुरुद्वारा जाकर आशीर्वाद लिए। इस दौरान के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। सामने आए वीडियो में सनी देओल गुरुद्वारे में गुरु गोबिंद सिंह जी के सामने प्रार्थना करते और कुछ समय ध्यान लगाते नजर आ रहे हैं। तख्त श्री पटना साहिब सिख धर्म का एक बहुत ही पवित्र और महत्वपूर्ण स्थल है, क्योंकि यह गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्मस्थान है। यह गुरुद्वारा सिखों के पांच तख्तों में से एक है और इसकी बहुत खास मान्यता है। यहां हर साल दुनिया भर से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। दर्शन के बाद सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम पर भी तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने पोस्ट के साथ लिखा, 'तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब, जो श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का पवित्र जन्मस्थान है, वहां जाकर मैं खुद को बेहद धन्य महसूस कर रहा हूं।'सनी देओल की यह फिल्म असगर वजाहत के मशहूर नाटक 'जिस लाहौर नई वेख्या, ओ जम्या ए नई' पर बनी है, जो 1947 भारत-पाकिस्तान विभाजन के दर्द की कहानी दिखाती है। फिल्म का संगीत ए.आर. रहमान ने दिया है, जावेद अख्तर ने गाने लिखे हैं। 'बंटवारा 1947' में सनी देओल ने सिकंदर मिर्जा का किरदार निभाया है। इस फिल्म में सनी के अलावा प्रीति जिंटा, शबाना आजमी, अली फजल, अभिमन्यु सिंह और करण देओल भी नजर आएंगे। 'बंटवारा 1947' इस साल 14 अगस्त को रिलीज होगी।

दीपिका ने भर्तृहरि गुफा में किया शिव तांडव



नई दिल्ली। टीवी की फेमस एक्ट्रेस दीपिका सिंह इन दिनों अपनी आध्यात्मिक यात्रा को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने हाल ही में मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित प्रसिद्ध भर्तृहरि गुफा के दर्शन किए। यहां उन्होंने भगवान शिव को समर्पित करते हुए डांस भी किया। दीपिका ने बताया कि इस डांस के लिए उन्होंने पहले कोई तैयारी नहीं की थी। दरअसल, दीपिका सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह भर्तृहरि गुफा में 'चंद्रचूड़'गाने पर नृत्य करती नजर आ रही हैं। खास बात यह है कि इस डांस के लिए उन्होंने कोई खास रिहर्सल नहीं की थी। अभिनेत्री ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्होंने इस गाने पर एक रील देखी थी, लेकिन गुफा में पहुंचने के बाद अचानक उनके मन में इस पर डांस करने का विचार आया।

डॉ. वाघानी
दर-दाँत
बायो-डेंट गम पेंट
दर-दाँत (गम पेंट)
असली केंदवा मलहम
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

मिर्जापुरः द मूवी का गाना 'दो नंबरी' जारी


ढांडा का दिखा देसी और विदेशी अंदाज



मुंबई। साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में शामिल 'मिर्जापुरः द मूवी' की रिलीज से पहले इसका पहला गाना 'दो नंबरी' रिलीज हुआ है। इस गाने को ढांडा न्योलीवाला ने लिखा, कंपोज किया और अपनी आवाज दी है। यह ट्रैक उनके बॉलीवुड डेब्यू का भी आगाज है। लगभग दो मिनट के गाने में दिखाया गया है कि ढांडा न्योलीवाला गाना गा रहे हैं। गाने में वह ग्लैमरस अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसमें गाड़ी, बंदूक और हवाई जहाज नजर आ रहे हैं। कई बार वह विदेश में तो कई बार देसी अंदाज में नजर आए हैं। 'मिर्जापुरः द मूवी' दर्शकों को फिर से सीजन 1 की दुनिया में लेकर जाएगी। फिल्म में पहली बार बड़े पर्दे पर गुड्डू पंडित (अली फजल), मुन्ना भैया (दिव्येंदु) और कालीन भैया (पंकज त्रिपाठी) जैसे फ्रेंचाइजी के सबसे लोकप्रिय किरदारों की वापसी होगी। फिल्म में जितेंद्र कुमार, रवि किशन, अभिषेक बनर्जी, रसिका दुगल, मोहित मलिक, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, प्रमोद पाठक, श्रिया पिलगांवकर, हर्षिता शेखर गौर, श्वेता त्रिपाठी, सोनल एस. चौहान, अनंगशा बिस्वास, शाजी चौधरी, सतेंद्र सोनी, कुलभूषण खरबंदा और सुशांत सिंह भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

ललकारा में अब सिद्धांत निभांएगे अहम रोल

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर आमिर खान और आशुतोष गोवारिकर ने अपनी अपकमिंग स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'ललकारा' की कास्टिंग में बड़ा बदलाव किया है।



फरहान अख्तर के इस प्रोजेक्ट से हटने के बाद अब एक्टर सिद्धांत गुप्ता इसमें शामिल हो गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फरहान अख्तर ने फिल्म से इसलिए किनारा कर लिया. क्योंकि इसकी शूटिंग का शेड्यूल संगीतकार आर.डी. बर्मन पर बन रही बायोपिक की शूटिंग से टकरा रहा था। अब 'ललकारा' में फरहान अख्तर की जगह सिद्धांत गुप्ता अदाकारी करेंगे। सिद्धांत को सीरीज 'जुबली' और 'फ्रीडम एट मिडनाइट' में एक्टिंग के लिए काफी तारीफ मिली है। उम्मीद है कि हाल के वर्षों की सबसे बड़ी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्मों में से एक मानी जा रही इस फिल्म में एक्टर, आमिर खान के साथ एक अहम किरदार निभाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिद्धांत फिल्म में मुख्य किरदारों में से एक (पैरेलल लीड) निभाएंगे। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर हालिया सफलता के बाद उनके कॅरियर में यह एक और बड़ा पड़ाव होगा। खबर है कि एक्टर ने रोल के लिए तैयारी शुरू कर दी है, हालांकि मेकर्स ने अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ
अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बडों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425
डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज
उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



कला जगत
बुधराम यादव

यादवों के लोक रंजन का सशक्त माध्यम बांसगीत

छत्तीसगढ़ में यादवों को पशुपालन एवं चरवाहा संस्कृति विरासत में मिली है। यादवों के शौर्य श्रृंगार और प्रेम गाथाओं से युक्त पारम्परिक अवधारणाओं से बांस गीत लोक रंजन का सशक्त माध्यम है। इसके अंतर्गत गाए जाने वाले छहुरा गाथा, मुकुंदा ठेठवार, लोरिक चंदा, लीली बछेरी, फूलबासन कैना जैसे अन्य लोकगीत गाथाएं बांसगीतों की विशिष्टता को प्रमाणित करते हैं।

बांस गीतों में मानवीय सम्बन्धों का लगाव - विलगाव, श्रृंगार - वियोग, प्रेम और विरोध के सन्दर्भ को वर्णनात्मक शैली में रोचक ढंग से प्रस्तुत किया जाता है-

येहु जनम मोर जनम जनव,
दुनो जनम हे अहीर हो।
गोबर, गोधन मोरे अंग म लोटय अउ
गोरस भींजय शरीर हो।
जनम के करिया मै,
करम के हिंहा मै ओ
सेवा बजावत तोर मै
जिनगी पहावत हो ओ।

बांस वाद्य सामान्य बांस से बनाया गया 4 से 5 फिट लम्बा भीतर से पोला टुकड़ा होता है। इसके मध्य से अग्र भाग में 4 छेद होते हैं। जिस पर अंगुलियां नचाकर जिव्हा के सहयोग से वादक अनेक तरह से धुन निकालते हैं। अधिकांश बांस आकार में टेढ़े मेढ़े होते हैं, इसके पीछे स्वर संयोजन और धुन का संतुलन बनाए रखने की मंशा होती है।



लोक साहित्य
छगन लाल सोनी

सुवारथ ले ऊपर उठके साहित्य सेवा म ही सबके भलई हे



राज के भाषा पतरिका मन सालो साल ले चलत आवत हे। फेर हमन तो अपने ले नई ऊबरत हन। करे के पहिली देखथन एमा हमला का मिलत हे, मिले के होही त करबो। पाए के पाछू फेर येला सेवा के नाव देथन। जिंहा सुवारथ हे उन्हा सेवा कईसे होही। देश बर मरैया कहू मिले के, खाय के सोचतिन त हमन का आजादी पातेन। इही सेवा के भाव आ जाय त भाषा के विकास ल कोन रोक सकत हे। जतका मेहनत अउ दिमाग़ हम अपन आप ल देखाय म, पाय म लगाथन कहू ओतका दिमाग़ साहित्य सिरजन म लगातेन त अउ ज्यादा हमला उचहा परिणाम देखे बर मिलतिस। नानकन पढ़इया लइका ल जतका जोजियाय ल परथे वईसने इंहा के सियान मन ल जोजियाय ल परथे। तभो ले पढ़े नहीं। उल्टा एके ठन राग ल घेरी बेरी अलापना छत्तीसगढ़ी ल आठवीं अनुसूची म शामिल करे जाय। हीरा ल हम पाबो, फेर वोला पहचाने के परख तो हमर बुद्धि ल होना चाही। छत्तीसगढ़ राज के रहइया जम्मो झन चाहत हे कि इंहा विकास के गंगा बोहाय। येखर बर तो हमला खुद भगीरथी बने ल परही। एमा भिड़ना तो हमी मन ल हे। येकर ले दूसर विकास के संगे संग भाषा के विकास तको होही ये तो जाने के बात आय।

संस्कृति
आशा ध्रुव

अंचल में मांगलिक कार्यों में हाथा देने का चलन




छत्तीसगढ़ में खासकर गृह प्रवेश के समय हाथा देने का चलन है। वैसे तो गांव में देवारी के दिन भी हाथा देने का चलन है। अन्य शुभ अवसरों पर हाथा दिया जाता है। हाथा देने की प्रक्रिया में चावल आटे को पानी में घोला जाता है फिर उसमें दोनों हाथ डूबा कर निकाला जाता है और इस हाथ को पुरोहित द्वारा बताए स्थान या दीवार पर अंकित किया जाता है। गृह प्रवेश पूजा के समय हाथा देने को महत्वपूर्ण माना जाता है। घर परिवार की महिलाओं द्वारा ही हाथा दी जाती है। यह हाथा घर के कई दीवारों पर दी जाती है। इस परंपरा की शुरुआत के पीछे अनेक तर्क दिए जाते हैं। इस परंपरा का चलन वैदिक काल से माना जाता है। हाथा देने वाले स्थान पर हल्दी और चंदन के साथ अन्य वस्तुएं भी उपयोग में लाई जाती हैं। अंचल विशेष के अनुसार इस प्रक्रिया में कुछ अंतर भी दिखाई देता है। निष्कर्षतः हाथा देने को मंगल का प्रतीक माना जाता है।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

दण्डकारण्य के प्रभावी राजा थे शबर

ऐतिहासिक
डा. मन्नूलाल यदु



राजा शबर दण्डकारण्य के प्रभावी राजा थे। राजा शबर की बेटी का नाम शबरी था। शबरी बचपन से विदुषी कन्या थी। भगवान श्रीराम के प्रति निष्ठापूर्वक श्रद्धा और विश्वास करती थी। राजा शबर अपनी बेटी का विवाह करना चाहते थे, किन्तु यह शबरी को मंजूर नहीं था। वह घर से निकल कर जंगल की ओर चली गई। शबरी एक दिन पम्पा नामक सरोवर के तट पर रमणीय मतंग ऋषि के आश्रम मतंग वन पहुंची। यह आश्रम गुरुकुल के रूप में काफी विख्यात था, जहां देश विदेश के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करते थे। शबरी ने मुनि के चरणों में दंडवत प्रणाम किया और उनसे शरण मांगी। ऋषि नेअनुरोध स्वीकार करते हुए अपने आश्रम में शरण दे दी। शबरी ज्ञान और भक्ति से परिपूर्ण थी। भगवान श्रीराम के वनवास काल में चित्रकूट निवास के समय मतंग ऋषि अपना शरीर त्याग कर परलोक सिधार गए। अंतिम समय में उन्होंने गुरुकुल की जिम्मेदारी सौपते हुए शबरी को ज्ञान दिया कि तुम एक विदुषी आचार्या हो, इस गुरुकुल आश्रम में श्रीराम और लक्ष्मण की प्रतीक्षा कर आने पर उनका स्वागत करना, उनके दर्शन से अपने जीवन को सफल बनाना। ऐसा कह कर मतंग ऋषि ने शबरी के हृदय में राम भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित कर दी। कठिन तपस्या के बाद वृद्धावस्था में भगवान राम को सामने पाकर शबरी आत्मविभोर हो गई। अपनी बूढ़ी आंखों से उसे विश्वास ही नहीं हो रहा था कि साक्षात प्रभु श्रीराम सामने हैं।



पर्यटन : घनश्याम सिंह नाग

बरसात के दिनों में दिलों को लुभाता
कोड़ा खड़का जलप्रपात



बस्तर अंचल के केसकाल क्षेत्र में अनेक झरने और जलप्रपात हैं। यह स्थल दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में होने के कारण आम लोगों का जाना संभव नहीं हो पाता। यहां तक पहुंचने के लिए दो पहिया और चार पहिया वाहन का उपयोग भी नहीं किया जा सकता। इसी कारण बाहर के लोगों के लिए अज्ञात हैं। इन्हीं जल प्रपातों में कोड़ा खड़का जलप्रपात भी है जिसे स्थानीय भाषा में घूमर भी कहा जाता है। यह जलप्रपात प्राकृतिक सौंदर्य के बीच मनोहारी लगता है। यह कई छोटे छोटे नालों से मिलकर विकराल रूप धारण कर लेता है। केशकाल से इसकी दूरी 24 कि मी है। इस जलप्रपात तक पहुंचने की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण स्थानीय को छोड़ कर बाहरी पर्यटक नहीं पहुंच पाते। पास पास में और कई घूमर भी देखने लायक है। इस जलप्रपात के पास ही लयाह मत्ता नामक पहाड़ी पर आदि मानव निर्मित शैलचित्र भी देखे जा सकते हैं।

पौराणिक
बाबू मावली प्रसाद

छत्तीसगढ़ में पांडवों ने किया राज



इतिहास के अनुसार पांच पाण्डवों में से अर्जुन का पुत्र बभ्रूवाहन चित्रांगदपुर में राज्य करता था। सिरपुर का दूसरा नाम चित्रांगदपुर था। राजिम और सिरपुर में मिले लेखों से विदित होता है कि यह चौथी शताब्दी में राज्य करते थे। इस वंश के पहले राजा का नाम इंद्रबाल था। सिरपुर के गन्धेश्वर मंदिर की परिक्रमा की दीवार में इस वंश का वृक्ष एक लेख में दिया गया है जो इस प्रकार है - इंद्रबल 319ईसवी, नंददेव 350 ईस्वी, तिवारदेव 375 ईसवी, हर्षगुप्त 400 ईसवी, शिवगुप्त 425 ईसवी, भावगुप्त 450 ईसवी। चद्रगुप्त के पौत्र शिवगुप्त का नाम महाशिवगुप्त और नागार्जुन भी था। उसकी माता मगधदेश की राजा की लड़की थी। विधवा होने पर उसने सिरपुर में ईंटो से एक विशाल लक्ष्मण मंदिर बनवाया, जो आज तक दर्शनीय है।

सुरता: चंपेश्वर गोस्वामी



बरसाती भईया नाव ले पहचान बनईन केसरी बाजपेई जी



आकाशवाणी रायपुर के जाने माने उद्घोषक रिहिन केसरी प्रसाद बाजपेई जी। आप मन बरसाती भईया के नाव ले अपन अलग पहचान बनाइन। आपके जनम राजनांदगांव म होय रिहिस। आप आलेख लेखन करत 1950 म आकाशवाणी नागपुर ले सेवा के शुरुआत करेव। आकाशवाणी नागपुर में छत्तीसगढ़ी के कार्यक्रम ल लोकप्रिय बनाय अउ इहा के कलाकार मन ल आगू लाय म आपके बड़ योगदान रिहिस। गुड़ी के गोठ, फुलहेरा अउ लहरिया कार्यक्रम के माध्यम ले दमदार प्रस्तुति ले सांस्कृतिक चेतना जगाय म योगदान दिन।

नवा मध्यप्रदेश बने के बाद 1959 में बाजपेई जी आकाशवाणी भोपाल आगे। बाद में 1964 में आकाशवाणी रायपुर में छत्तीसगढ़ी प्रसारण के मुख्य दाइत्व के काम संभालीन। आकाशवाणी रायपुर ले छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम के माध्यम ले बरसाती भईया के नाव ले गांव गांव के किसान, ग्रामीण लोगन मन के बीच लोकप्रिय होइन। अपन छत्तीस बछर के सेवा काल म छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रचार संग सांस्कृतिक योगदान म आपके महत्वपूर्ण भूमिका रिहिस। सामाजिक दाईत्व के निर्वहन करे म घलो आपके उल्लेखनीय कारज रिहिस। कतको आयोजन आप कला अउ संस्कृति खातिर करात रेहेव। आप सुघर कलाकार घलो रेहेव। मुंशी प्रेमचंद के कहानी सदगति ऊपर सत्यजीत रे के निर्देशन में टेली फिल्म मे काम करेव। एकरे संग वीडियो फिल्म पुन्नी के चंदा, मां बम्लेश्वरी, पिंजरा के मैना में अभिनय करिन। बाजपेई जी रेडियो के माध्यम ले छत्तीसगढ़ी के जउन सेवा करिन ग्रामीण मन मा अपन जगा बनाइन ओखर सेती आपके नाव सदा अमर रही।

कहा- पीएम-गृहमंत्री जवाबदेही से बच नहीं सकते

चढ़ावा चोरी और छात्रों पर हुई पुलिसिया बर्बरता पर विपक्ष चाहता है चर्चा : खड़गे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को चढ़ावा चोरी और छात्रों पर बर्बरता मामले पर घेरा और कहा कि वे जवाबदेही से बच नहीं सकते, उन्हें सदन में आकर जवाब देना चाहिए। मंगलवार सुबह राज्यसभा में बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर में बहुमूल्य भेंटों, नकद दान, जमीन की खरीद-फरोख्त और प्रबंधन को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर बेहद गंभीर आरोप सामने आए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह विषय देश के करोड़ों श्रद्धालुओं की



आस्था से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी चढ़ावा चोरी समेत अन्य गंभीर आरोपों पर जवाबदेही से बच नहीं सकते और उन्हें सदन में आकर जवाब देना चाहिए।

सरकार ने बनाया था ट्रस्ट

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ध्यान दिलाया कि इस ट्रस्ट का गठन केंद्र सरकार द्वारा किया गया है, जिसकी आधिकारिक घोषणा खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन में की थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 70 एकड़ से अधिक भूमि ट्रस्ट को सौंपी है और प्रधानमंत्री भूमि पूजन से लेकर प्राण प्रतिष्ठा तक हर प्रमुख समारोह में शामिल रहे हैं। खड़गे ने तर्क दिया कि ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री चढ़ावा चोरी समेत अन्य गंभीर आरोपों पर जवाबदेही से बच नहीं सकते।

शाह डरकर सदन में नहीं आ रहे?

संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष की मांग है कि राज्यसभा के सभापति और लोकसभा अध्यक्ष दोनों सदनों में श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी और छात्रों पर हुई बर्बरता के मुद्दों पर संबंधित नियमों के तहत चर्चा की अनुमति दें। उन्होंने कहा कि यदि इन मुद्दों पर संसद में चर्चा होती है, तो पूरा सच देश के सामने आ जाएगा, लेकिन सरकार न जाने क्यों चर्चा से घबरा रही है। गृह मंत्री पर निशाना साधते हुए खड़गे ने कहा कि अमित शाह सदन में नहीं आ रहे हैं; वे या तो डर गए हैं या सदन का अपमान कर रहे हैं।

आज से ब्रिक्स के शिक्षा मंत्रियों की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा बुधवार से ओडिशा के भुवनेश्वर में ब्रिक्स देशों के शिक्षा मंत्रियों की एक तीन दिवसीय (5 से 7 अगस्त तक) बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी शामिल होंगे। मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि ब्रिक्स के शिक्षा मंत्रियों की यह 13वीं बैठक होगी। यहां पर ब्रिक्स के वरिष्ठ अधिकारियों की तीसरी बैठक भी मंत्रालय की मेजबानी में होगी।

CGHIDB
छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, वृत्त-जगदलपुर

द्वितीय निविदा आमंत्रण क्र. 60

छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र / वृत्त- जगदलपुर के अधीनस्थ संभाग दंतेवाड़ा अंतर्गत निक्षेप कार्य अंतर्गत मॉडल उप पंजीयक कार्यालय भवन निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in/ एवं http://eproc. cgstate. gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता संभाग कोण्डागांव मो.नं. 9424209051 पर संपर्क करें।

S-48643/1 उपायुक्त

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर
एकीकृत भवन, प्रथम तल, वाहन शाखा

निविदा सूचना क्र. / 5714 / वाहन शाखा / 2026 रायपुर दिनांक 03.08.2026

:: खुली निविदा सूचना

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर के **मण्डल के गोपनीय सामग्री के परिवहन कार्य हेतु ट्रकों एवं बसों की व्यवस्था** बाबत सीलबंद निविदा खोले जाने का विवरण निम्नानुसार है:-

विवरण	तिथि	समय
प्री बीड कॉन्फ्रेंस	01.09.2026	दोपहर 01:00 बजे
निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि	08.09.2026	दोपहर 01:00 बजे
निविदा प्रपत्र आमंत्रण की अंतिम तिथि	08.09.2026	अपरान्ह 03:00 बजे
निविदा खोलने की तिथि	08.09.2026	सायं 04:00 बजे

निविदा फार्म छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वेबसाईट **www.cgbse.nic.in** पर उपलब्ध है। जिसे डाऊनलोड कर रूपये 1000/ - का डी.डी. / बैंकर्स चेक या यूको बैंक पेंशन बाड़ा रायपुर में जमा चालान की प्रति जो सचिव, छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर के नाम से देय हो, तैयार कर निविदा फार्म के साथ जमा कर सकते है।

निविदा को बिना कोई कारण दर्शाते हुए निरस्त करने का सर्वाधिकार, सचिव, छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर के पास सुरक्षित होगा। **वित्ताधिकारी**
(सचिव द्वारा अनुमोदित) **छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर**
S-48644/1

कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

दिनांक 03.08.2026

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ.सू.क्र. दिनांक	सिस्टम आईडी क्र.	कार्य का नाम
1	24/CE/NH/TC/44-15/2026	2026_MoRTH_920351_1	Supply, Installation, Testing, Commissioning, Operation & Maintenance of Centralized Control & Monitoring System (CCMS) for Highway Lighting on National Highways under Chief Engineer, NH Zone, PWD, Pension bada, Raipur, Chhattisgarh on Five (05) Year Contract Basis.

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 03.09.2026 सुबह 11.00 बजे तक है।

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र,रायपुर (छ.ग.)
G-262702563/4

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
ePrucurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 196579 / निविदा सूचना क्र. 04/वलेलि / 2026-27, राजनांदगांव, दिनांक 03.08.2026

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 24.08.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:

कार्य का नाम - राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड डोंगरगांव की मोखली एनीकट तटबंध संरक्षण कार्य ।

अनुमानित लागत - रू. 41.83 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 10.08.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है ।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)
G-262702542/4

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला-रायपुर (छ.ग.)
website www.deoraipur.com,
Email:- deoraipurict@gmail.com,
rmsaraipur@gmail.com, Phone No- 0771-4002693

/ / तृतीय निविदा / /

कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर के द्वारा शासकीय वाहन क्रमांक-सी.जी.02, 5551 सूमो विक्टा सीएक्स का निविदा के माध्यम से विक्रय की जा रही है। इच्छुक व्यक्ति / संस्था कार्यालयीन समय एवं तिथि में शासकीय अवकाश के दिनों को छोड़कर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। इस हेतु नीलामी के माध्यम से विक्रय किये जाने हेतु दिनांक 03.08.2026 से 12.08.2026 तक के लिए पुनः तृतीय निविदा आमंत्रित किया किया जा रहा है।

अतएव सर्व जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि तृतीय निविदा दिनांक 12/08/2026 समय दोपहर 12.00 बजे तक निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त निविदा दिनांक 12/08/2026 को समय दोपहर 03:00 बजे खोजा (खोला) जावेगा। वाहन कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला रायपुर एकीकृत शिक्षा परिसर, टैगोर नगर चौक, पेंशनबाड़ा, रायपुर (छ.ग.) में अवलोकन किया जा सकता है। **जिला शिक्षा अधिकारी,**
G- **रायपुर (छ.ग.)**

प्रवेश सूचना (विज्ञापन) हेतु प्रस्ताव

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, कृषक नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़)
पी.ए.टी. परीक्षा-2026 के आधार पर बी.एस-सी. आनर्स (कृषि)
(नई शिक्षा नीति 2020 के तहत)

प्रवेश हेतु सूचना

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अन्तर्गत संचालित पी.ए.टी. प्रवेश परीक्षा-2026 : बी.एस-सी. आनर्स (कृषि) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन हेतु दिशा-निर्देश एवं अन्य समस्त जानकारी हेतु नियमित वेबसाईट www.igkv.ac.in पर दिनांक 05 अगस्त 2026 से उपलब्ध होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 05 अगस्त 2026 से 14 अगस्त, 2026 (रात्रि 12.00 बजे) के मध्य www.igkv.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इस अवधि में पंजीयन कराने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जायेगा।

नोट : शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु समस्त जानकारी के लिए वेबसाईट www.igkv.ac.in का नियमित अवलोकन करें।

REGISTRAR
I.G. Krishi Vishwavidyalaya
RAIPUR (C.G.)
S-48641/3

लोक शिक्षण संचालनालय
इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़

-: संक्षिप्त सूचना :-

रायपुर दिनांक 03/08/2026

शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा दिनांक 08/08/2026 को अंग्रेजी कम्प्यूटर मुद्रलेखन गति 8000 की डिप्रेशन के लिए 08 परीक्षा केन्द्र एवं दिनांक 09/08/2026 को हिन्दी कम्प्यूटर मुद्रलेखन गति 8000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा के मान से 09 परीक्षा केन्द्र एवं दिनांक 16/08/ 2026 को बिलासपुर - सरगुजा संभाग में 01-01 परीक्षा केन्द्र पर परीक्षाएं आयोजित होगी। परीक्षार्थी को परिषद द्वारा आबंटित परीक्षा केन्द्रों पर ही निर्धारित बैच एवं समय पर ही परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। परीक्षा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी परिषद की वेबसाईड **https://ctsp.cg.nic.in** पर उपलब्ध है साथ ही प्रवेश पत्र डाऊनलोड करने संबंधी सूचना परीक्षार्थियों के पंजीकृत मोबाईल नं. SMS पर सूचना भेज दी गई है। समस्त परीक्षार्थीगण पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस, पेनकार्ड अथवा मतदाता परिचय पत्र में से कोई भी पहचान पत्र मूलतः साथ लेकर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होवें। साथ ही प्रवेश पत्र में दिये गये निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

उप संचालक
G-262702552/2 **लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग.**

पाक को आतंकवाद से करनी पड़ेगी तौबा, राष्ट्रीय हितों पर आंच आई तो मिलेगा करारा जवाब

मीडिया ब्रीफिंग में हरिभूमि द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की दो टूक टिप्पणी

कविता जोशी ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के ठीक एक साल बाद पाकिस्तान द्वारा भारत से लगी हुई जम्मू-कश्मीर की सीमा पर 200 से अधिक लंबी दूरी तक मार करने वाली होवित्जर तोपों (एसएच-15, 155 एमए/52 कैलिबर) की तैनाती के मामले को लेकर मंगलवार को नई दिल्ली ने बेहद सधे हुए अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में हरिभूमि द्वारा पूछे गए एक सवाल के उत्तर में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत किसी भी रूप में सीमा पार आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। पाकिस्तान को हर हाल में इसे पूरी तरह से समाप्त करना चाहिए। अगर पड़ोसी दुश्मन देश द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से उसके राष्ट्रीय हित प्रभावित हुए। तो उसका अंजाम बहुत बुरा होगा यानी करारा जवाब दिया जाएगा।

पहले भी दिया था मुंहतोड़ जवाब

उन्होंने यह भी स्पष्ट कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत पहले ही आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे चुका है। राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए जो भी उचित होगा, हम वो करेंगे। इसके अलावा जमीनी स्तर पर भी हम हमेशा मुस्तैदी के साथ तैनात रहते हैं। ज्ञात हो कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने यह साफ कर दिया है कि वो सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलेगा। जब तक पाकिस्तान इस पर पूर्णतः रोक नहीं लगाता है। तब तक उसके साथ नई दिल्ली के द्विपक्षीय संबंध सामान्य नहीं होंगे और मौजूदा दौर में स्थगित की गई सिंधू जल संधि भी स्थगित ही रहेगी।

72 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम

बताते चलें कि इन होवित्जर तोपों को पाकिस्तान ने चीन की सरकारी नोरिंको कंपनी से खरीदा है। जो कि कंपनी द्वारा ड्रैगन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के पीसीएल-181 का निर्यात के लिए बनाया गया एक संस्करण है। एसएच-15 तोपों की मारक क्षमता हकीकत में करीब 42 किलोमीटर ही है। जबकि हाई कैलिबर का इस्तेमाल कर इसे 72 किलोमीटर तक बढ़ाया जा सकता है। इन सबके बीच अभी तक इस तथ्य की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है कि इन सभी 200 प्लस तोपों की तैनाती भारत से लगी हुई सीमा पर ही पाकिस्तान द्वारा की गई है। जबकि उसके खैबर-पख्तूख्वा प्रांत (अफगानिस्तान से लगी सीमा) और बलूचिस्तान के इलाके में जारी तनाव के बीच सुरक्षा के मद्देनजर वहां पर भी कुछ तोपों की तैनाती संभव है।

हसीना की मीडिया से मुलाकात पर भारत ने झाड़ा पल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की बुधवार को नई दिल्ली में होने वाली पहली सार्वजनिक मीडिया मुलाकात के मामले को लेकर मंगलवार को भारत ने बड़ी ही स्पष्टता के साथ अपना पक्ष रखा है। जिसमें साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए कुछ सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारे निकट पड़ोसी देश की पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा इस सप्ताह राजधानी में होने वर्चुअल मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन एक निजी मीडिया संस्था द्वारा किया जा रहा है। भारत का इस आयोजन और उसमें रखे जाने वाले विचारों से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। इस कार्यक्रम में सरकार की किसी भी तरह की कोई भागीदारी नहीं है। साथ ही इस मंच से बोले जाने वाले शब्दों का भी हमारा देश समर्थक नहीं है।

25 राज्य हुए 'बागी', ट्रंप के खिलाफ ठोका मुकदमा

अमेरिका में टैरिफ पर मचा बवाल

वाशिंगटन। अमेरिका के 25 राज्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया है। इन राज्यों का कहना है कि ट्रंप ने कई देशों पर नए टैरिफ लगाकर अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया है। न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार इन राज्यों ने सोमवार को ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया। उनका कहना है कि राष्ट्रपति ने दर्जनों देशों पर जो नए टैरिफ लगाए हैं, उन्हें लगाने का अधिकार उनके पास नहीं था। इन राज्यों ने न्यूयॉर्क स्थित अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत में याचिका दायर की है। उन्होंने अदालत से मांग की है कि इन टैरिफ को तुरंत रोका जाए, इन्हें गैरकानूनी घोषित किया जाए और सरकार को लोगों का पैसा वापस करने का आदेश दिया जाए।

GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
P. W. Division No. 1 Nagpur,
e-mail div1nagpur.ee@mahapwd.gov.in

::: INVITATION FOR TENDERS :::

E-Tender Notice No 15/2026-27

Online tenders in B-1 are invited by the Executive Engineer, Public Works Division No. 1, Nagpur for the following work from the experienced Contractors. It is not necessary that the Contractor should be registered with P.W.D. The name of work, estimated cost, time limit for completion etc. are as under.

SR. No.	Name of Work	Estimated cost (Rs. In lakh)	Cost of Blank Tender Form	Time limit in Tender (Calendar Months)
1	Conservation Of Old High Court Building At Civil Lines, Nagpur.	1430.00	3540/-	06 (Six Calendar Months)

1. Detailed tender notice can be seen on website **https://mahatenders.gov.in**, **https://mahapwd.gov.in**
2. Detailed tender notice can be seen on the Notice Board in the office of the undersigned.
3. Right is reserved to reject any or all tenders without assigning any reason thereof.
4. In this Tender Notice, Tender downloading, Tender opening etc information available on web site.
5. The bidder shall submit the hard copy of tender document (Technical and financial Envelope) in sealed envelope within 72 hours from last date of submission at the office of Executive Engineer, Public Works Division No.1, Nagpur.
6. Pre-Qualification Criteria will applicable for Civil Work & also Electric Work.

O.W. No. 6983 dt. 31/7/2026 **Executive Engineer**
आरओसी 2026-27/ क्र.-5/ C 2099 **P.W.Dn. No.1 Nagpur**

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) GSTN-22AADCC5773E1ZX CIN-U40108CT2003SGC015820
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (LINE) Block-4, Near CSPTCL Dispensary, Dagania, Raipur (C.G.)
Website: www.cspc.co.in E-Mail- ce.eht@cspc.co.in Phone no. 0771 – 2574221, 2574224 Fax No.2574222
No. 02-05/LINE/O.S./Tender-61/ 1037 Raipur, Date: 03.08.2026

E-NOTICE INVITING TENDER

Tender No.	Name of Work	Cost of Tender Form	E.M.D	Tentative Cost	Date of Opening
Tender-61 (Rfx - 8100053405)	Deployment of 12 nos. Computer Operator & 01 No. Peon through outsource for SE (EHT:C&M) Circle CSPTCL, Raipur and 03 Nos. Peons under ED (Line) Raipur for a period of 01 year	Rs. 5000/- (Incl. GST)	Rs. 40,155/-	Rs. 40.16 Lakh	25.08.2026

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our website www.cspc.co.in/csptcl-tendernotices/CSPTCL-Tender.htm.
SAVE ELECTRICITY
EXECUTIVE DIRECTOR (LINE)
CSPTCL, Raipur

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक / दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	196526 प्रथम आमंत्रण 31.07.2026	बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का एक्सटेंशन एवं रेनोवेशन का कार्य ।	657.89
दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की संपत्ति में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है। इस साल 16 जून को उनकी कुल संपत्ति 1.33 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई थी, लेकिन अब यह घटकर करीब 684 अरब डॉलर रह गई है। यानी डेढ़ महीने में ही उनकी दौलत घटकर लगभग आधी रह गई।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, इस दौरान मस्क ने 600 अरब डॉलर से ज्यादा की संपत्ति गंवाई है, जो दुनिया के अधिकांश अरबपतियों की कुल संपत्ति से भी ज्यादा है। एलन मस्क की दौलत में इतनी बड़ी गिरावट की वजह उनकी कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों में तेज गिरावट आना है। इसके अलावा, टेस्ला के कमजोर तिमाही नतीजे का भी असर पड़ा है।

मस्क की संपत्ति 16 जून को बढ़कर 1.33 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई थी

आईपीओ से जुटाए 75 अरब डॉलर

इतिहास के सबसे बड़े आईपीओ से स्पेसएक्स ने 75 अरब डॉलर जुटाए थे। इसके बाद, स्पेसएक्स ने जून में 150 डॉलर प्रति शेयर पर कारोबार शुरू किया, जो इसके 135 डॉलर के आईपीओ मूल्य से 11 प्रतिशत अधिक था। अमेरिकी बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद कंपनी के शेयरों में सिर्फ तीन कारोबारी सत्रों में 50 प्रतिशत से ज्यादा की जबरदस्त तेजी आई।



दौलत में गिरावट की वजह

शुरुआत में निवेशकों में स्पेसएक्स को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया और सूचीबद्ध होने के कुछ दिनों में ही शेयर बढ़कर 16 जून को 202 डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, यह तेजी ज्यादा समय तक नहीं चली। तब से स्पेस एक्स के शेयर अपने सबसे ऊंचे स्तर से लगभग 46 प्रतिशत गिरकर 108.37 डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गए हैं, जिससे मस्क की संपत्ति 600 अरब डॉलर घट गई है।

तिमाही नतीजों का भी असर

एलन मस्क की संपत्ति में गिरावट की दूसरी बड़ी वजह टेस्ला के शेयरों में आई कमजोरी भी है। 22 जुलाई को दूसरी तिमाही के नतीजे जारी होने के बाद से टेस्ला के शेयरों में 17 प्रतिशत की गिरावट आई है। एलन मस्क की ईवी बनाने वाली कंपनी दो साल से ज्यादा समय में पहली बार मुनाफे के अनुमानों को पूरा करने में नाकाम रही। कंपनी ने कहा कि एआई निवेश से जुड़े ज्यादा ऑपरेटिंग खर्च, कम औसत बिक्री मूल्य और रेगुलेटरी क्रेडिट से कम आय के कारण गाड़ियों की डिलीवरी बढ़ने के बावजूद मुनाफे पर असर पड़ा।

वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर नया शुल्क लगाया

भारत ने चार उत्पादों पर मौजूदा डंपिंग रोधी शुल्क बढ़ाया, एक पर नया शुल्क लागू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने कुछ रसायनों तथा लौह एवं इस्पात उत्पादों सहित चार वस्तुओं पर जुलाई से लागू किए गए डंपिंग रोधी शुल्क की अवधि बढ़ा दी। वित्त मंत्रालय की अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार, सरकार ने एक अन्य उत्पाद पर नया डंपिंग रोधी शुल्क भी लगाया है। सरकार ने ऑस्ट्रेलिया, चीन, कोलंबिया, इंडोनेशिया, जापान और रूस से आयातित 'लो ऐश मेटलर्जिकल कोक' (ऊष्मा स्रोत के रूप में इस्तेमाल होने वाला कोक) पर पांच वर्षों के लिए डंपिंग रोधी शुल्क लगाया है। ये निर्णय वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिशों पर वित्त मंत्रालय ने लिए हैं।

- चार वस्तुओं पर डंपिंग रोधी शुल्क जुलाई से लागू किए गए
- शुल्क रसायन एवं लौह तथा इस्पात उत्पादों पर लगाए गए
- पांच वर्षों के लिए डंपिंग रोधी शुल्क लगाया गया



इन वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाई गईः इस संबंध में अधिसूचनाएं केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) जारी करता है। अनट्रीटेड फ्यूम्ड सिलिका, एरिलाइड्स, लौह, मिश्रधातु या गैर-मिश्रधातु इस्पात से बने सीमलेस ट्यूब, पाइप और खोखले प्रोफाइल तथा नॉर्मल ब्यूटेनॉल पर डंपिंग रोधी शुल्क की अवधि बढ़ाई गई है।

मेटलर्जिकल कोक पर 128 डॉलर प्रतिटन का शुल्क

एक अधिसूचना के अनुसार, 'अनट्रीटेड फ्यूम्ड सिलिका' के आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क 10 फरवरी, 2027 तक बढ़ा दिया गया है। एरिलाइड्स पर यह शुल्क अगले वर्ष 13 जनवरी तक तथा लौह एवं इस्पात उत्पादों पर 27 जनवरी, 2027 तक बढ़ाया गया है। मेटलर्जिकल कोक पर लगाया गया डंपिंग रोधी शुल्क 42.95 डॉलर प्रति टन से 128.83 डॉलर प्रति टन के बीच है।

चीन की कुछ कंपनियों द्वारा लगातार डंपिंग की जा रही थी

पेंट, सौंदर्य प्रसाधन और औषधि उद्योग में इस्तेमाल होने वाली सिलिका, रंग एवं प्रिंटिंग इंक में प्रयुक्त एरिलाइड्स तथा लौह एवं गैर-मिश्रधातु इस्पात के कुछ उत्पादों की चीन की कुछ कंपनियों द्वारा लगातार डंपिंग की जा रही थी। वहीं, सौंदर्य प्रसाधन और फ्लेवरिंग उद्योग में इस्तेमाल होने वाला नॉर्मल ब्यूटेनॉल मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका से कम कीमत पर आयात किया जा रहा था।

सस्ते आयात में वृद्धि से घरेलू उद्योग को नुकसान

नॉर्मल ब्यूटेनॉल पर डंपिंग रोधी शुल्क की अवधि पांच वर्षों के लिए बढ़ा दी गई है। सस्ते आयात में वृद्धि से घरेलू उद्योग को नुकसान पहुंचने का पता लगाने के लिए देश डंपिंग रोधी जांच करते हैं। इसके जवाब में वे जिनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के बहुपक्षीय ढांचे के तहत डंपिंग रोधी शुल्क लगाते हैं।

प्रतिस्पर्धा का माहौल उपलब्ध कराना

इस शुल्क का उद्देश्य निष्पक्ष व्यापार व्यवस्था सुनिश्चित करना और घरेलू उत्पादकों तथा विदेशी उत्पादकों एवं निर्यातकों के बीच समान प्रतिस्पर्धी माहौल उपलब्ध कराना है। भारत और ये सभी देश डब्ल्यूटीओ के सदस्य हैं। भारत, चीन सहित विभिन्न देशों से होने वाले सस्ते आयात से निपटने के लिए पहले भी कई उत्पादों पर डंपिंग रोधी शुल्क लगा चुका है।

उद्देश्य घरेलू उद्योग की रक्षा करना

डीजीटीआर का उद्देश्य सीमा शुल्क अधिनियम और डब्ल्यूटीओ के प्रावधानों के तहत पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच के माध्यम से डंपिंग और सब्सिडी जैसे व्यापार-विकृत करने वाले प्रभावों से घरेलू उद्योग की रक्षा करना तथा सरकार से आवश्यक शुल्क लगाने की सिफारिश करना है।

'पीएम सूर्य घर' योजना में अबतक 50 लाख रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' के तहत देशभर में 50.06 लाख से अधिक घरों में छतों पर (रूफटॉप) सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। मंत्रालय ने बयान में कहा कि योजना की शुरुआत के दो वर्ष से कुछ अधिक समय में यह उपलब्धि हासिल की गई है, जबकि इससे पहले 10 साल में 7.94 लाख रूफटॉप सौर संयंत्र ही स्थापित किए गए थे। मंत्रालय ने कहा कि 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस योजना के तहत रूफटॉप सौर क्षमता के विस्तार में तेजी आई है।

- दो वर्ष से कुछ अधिक समय में यह उपलब्धि हासिल

आंकड़ों के मुताबिक, पिछले नौ महीनों में इन संयंत्रों की स्थापना की गति 3.2 गुना बढ़ी है और दैनिक स्थापना अक्टूबर, 2025 के 5,038 से बढ़कर जुलाई, 2026 में करीब 16,328 हो गई है। जुलाई, 2026 में 5.06 लाख घरों में छतों पर सौर संयंत्र लगाए गए, जो अब तक का सर्वाधिक मासिक आंकड़ा है। मंत्रालय ने कहा कि योजना के लाभार्थियों को अब तक 28,024 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से जारी की जा चुकी है। इसका परिणाम यह हुआ है कि करीब 19 लाख परिवारों के बिजली बिल शून्य हो गए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में 12 लाख से अधिक परिवारों ने खपत से अधिक पैदा हुई बिजली को बेचकर कुल 421 करोड़ रुपये अर्जित किए।

रियायती ऋण की सुविधा 21.87 लाख आवेदकों को मिली

मंत्रालय के अनुसार, रियायती दर पर ऋण की सुविधा 21.87 लाख आवेदकों को स्वीकृत की गई है, जिनमें से 17.5 लाख स्थापना ऋण के माध्यम से पूरी की जा चुकी हैं। इस योजना के तहत अब तक 14.8 गीगावाट की रूफटॉप सौर क्षमता स्थापित की जा चुकी है। इसके अलावा 34,219 पंजीकृत विक्रेताओं का नेटवर्क विकसित हुआ है, जिनमें से 29,469 सक्रिय हैं, और 2.32 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षण दिया गया है।

आयात घटाने के लिए सोने को रणनीतिक खनिज का दर्जा मिले

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने सरकार से सोने को रणनीतिक खनिज (स्ट्रैटेजिक मिनरल) के तौर पर वर्गीकृत करने का आग्रह किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि इससे घरेलू खनन को बढ़ावा मिलेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी।

- विश्व स्वर्ण परिषद ने सरकार से किया आग्रह



वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के भारत के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन के अनुसार, सोने को 'रणनीतिक खनिज' का दर्जा मिलने से 'एकल खिड़की मंजूरी' प्रणाली लागू हो सकेगी। इससे खनन कंपनियों को राज्य सरकारों से जुड़ी कई मंजूरियों के बजाय केंद्र से सीधे मंजूरी मिल सकेगी। जैन ने कहा, ''हम लगातार बातचीत कर रहे हैं और खनन मंत्रालय के साथ हुई चर्चाओं में हमने इस मुद्दे को खास तौर पर उठाया है।'' जैन ने कहा कि अगर सोने को 'रणनीतिक खनिज' की सूची में शामिल किया जाता है, तो कई चीजें बदल जाएंगी और आसान हो जाएंगी। उन्होंने कहा, ''निवेशक और खनन करने वाली कंपनियां 'एकल खिड़की मंजूरी' के तहत केंद्रीय मंत्रालय से लाइसेंस ले सकती हैं और देश के किसी भी हिस्से में खनन कर सकती हैं।'' जैन ने कहा, ''इसका सीधा संबंध, 'चालू खाते के घाटे' और आत्मनिर्भर बनने के हमारे लक्ष्य से है। खनन को तेज करने और सोने को 'रणनीतिक खनिज' की सूची में शामिल करने से इसमें काफी मदद मिलेगी।''

भारत में घरों में रखे सोने का मौद्रिकरण करने पर जोर

जैन ने आयात पर निर्भरता कम करने के लिए भारत में घरों में रखे सोने का मौद्रीकरण करने (आर्थिक गतिविधियों में लाने) की जरूरत पर भी जोर दिया। डब्ल्यूजीसी के अनुमान के मुताबिक, भारतीय घरों में लगभग 31,000 टन सोना है, जिसमें करीब 20,000 टन गहनों के रूप में और लगभग 6,000 टन छड़ (बार) और सिक्कों के रूप में है। रिपोर्ट के अनुसार, इस सोने की कीमत लगभग 314.9 लाख करोड़ रुपये है।

सोना 100 रुपए प्रति 10 ग्राम महंगा हुआ और चांदी स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मिले-जुले रुझान के बीच चांदी की कीमतें स्थिर रहीं। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 1,47,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। व्यापारियों ने कहा कि घरेलू बाजार में सोने की मामूली खरीदारी देखी गई, जबकि चांदी का कारोबार सीमित दायरे में हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि मंगलवार को सोने की कीमतों में थोड़ी बढ़ोतरी हुई क्योंकि निवेशक अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे राजनयिक घटनाक्रम और फेडरल रिजर्व के नीतिगत दृष्टिकोण को लेकर अनिश्चितता के बीच सतर्क रुख अपनाए हुए थे। गांधी ने कहा कि पिछले दो सत्रों में कीमती धातुओं की कीमतें एक दायरे में रहीं।

- सोना बढ़कर 1,47,500 रुपए प्रति दस ग्राम



सैमसंग बढ़ती लागत के बीच देगी ब्याज-मुक्त ईएमआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/लंदन

दक्षिण कोरियाई प्रौद्योगिकी कंपनी सैमसंग ने कहा है कि वह भारत में बढ़ती लागत के बीच उपभोक्ताओं पर बोझ कम करने के लिए ब्याज-मुक्त मासिक किस्त (ईएमआई) और त्योहारी छूट जैसे विकल्प देगी।

- उपभोक्ताओं पर बोझ कम करने त्योहारी छूट का विकल्प : सीईओ

सैमसंग के दक्षिण-पश्चिम एशिया क्षेत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जे. बी. पार्क ने लंदन में बातचीत में कहा कि कच्चे माल की लागत बढ़ने से चालू वर्ष की पहली छमाही में भारतीय बाजार में करीब 15 प्रतिशत गिरावट आई है और दूसरी छमाही भी चुनौतीपूर्ण रह सकती है। पार्क ने कहा कि मेमोरी चिप की किल्लत और आपूर्ति बाधाओं से कारोबार के लिए स्थिति और मुश्किल हो गई है। पार्क ने कहा, "हम बढ़ी हुई लागत के बोझ को यथासंभव अपने स्तर पर ही समाहित करने की कोशिश करेंगे और उपभोक्ताओं को बेहतर मूल्य देंगे। आने वाले त्योहारी मौसम में ग्राहकों को ब्याज-मुक्त ईएमआई और छूट जैसे किफायती विकल्प भी उपलब्ध कराए जाएंगे।"



कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते उपयोग और सीमित उत्पादन क्षमता के कारण मेमोरी चिप की उपलब्धता एक समस्या बनी हुई है। भू-राजनीतिक कारणों से कच्चे माल की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जिससे पिछले छह महीनों में स्मार्टफोन समेत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दाम 20-30 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। उद्योग जगत का अनुमान है कि मेमोरी की लागत अगले 12-18 महीनों तक ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती है।

भारत में एआई का उपयोग सीमित नहीं

पार्क ने कहा कि भारत में एआई का उपयोग केवल फोटो या वीडियो के संपादन तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि सैमसंग 'ऑन-डिवाइस' एआई पर ध्यान दे रही है ताकि उपयोगकर्ता क्लाउड के बजाय सीधे अपने फोन पर ही एआई सुविधाओं का उपयोग कर सकें और गोपनीयता भी बेहतर बनी रहे।

नजारा टेक को पहले तिमाही में 82.47 करोड़ का घाटा

नई दिल्ली। गेमिंग एवं खेल मीडिया मंच नजारा टेक्नोलॉजीज ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 82.47 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी को 51.34 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 14 प्रतिशत घटकर 428.77 करोड़ रुपये रह गई जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 498.77 करोड़ रुपये थी। तिमाही आधार पर कंपनी का राजस्व 7.8 प्रतिशत बढ़ा। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कंपनी ने 55.7 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

आम निवेशकों को मिलेगा शेयर खरीदने का मौका

जीवन बीमा कंपनी एलआईसी में सरकार बेचेगी 6.5% हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने भारतीय जीवन बीमा निगम यानी एलआईसी में अपनी हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। इसके लिए सरकार ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) का रास्ता अपनाएगी। इस प्रोसेस के जरिए सरकार पहले स्टेप में 2.5 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर ग्रीन शू ऑप्शन के तहत 4 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी भी बेची जा सकती है। यानी कुल मिलाकर 6.5 फीसदी तक हिस्सेदारी बाजार में आ सकती है। फिलहाल एलआईसी में सरकार की करीब 96.5 फीसदी हिस्सेदारी है। इस ऑफर में सबसे पहले नॉन-रिटेल निवेशकों को हिस्सा खरीदने का मौका मिलेगा। इसके बाद रिटेल निवेशक भी बोली लगा सकेंगे। सरकार ने इस ओएफएस के लिए 382 रुपए प्रति शेयर का फ्लोर प्राइस तय किया है। यानी इससे कम कीमत पर शेयर नहीं खरीदे जा सकेंगे।

- सरकार पहले स्टेप में 2.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी



382 रुपए का फ्लोर प्राइस

ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) एक ऐसा प्रोसेस है, जिसमें कोई बड़ा शेयरधारक अपने पास मौजूद शेयर सीधे बाजार में बेचता है। इस मामले में सरकार अपने हिस्से के शेयर बेच रही है। सरकार ने 382 रुपए प्रति शेयर का फ्लोर प्राइस तय किया है। सरकार पहले 2.5 फीसदी हिस्सेदारी बेच रही है। इसके साथ ग्रीन शू ऑप्शन भी रखा गया है। अगर निवेशकों की ओर से अच्छी मांग आती है, तो सरकार अतिरिक्त 4 फीसदी हिस्सेदारी भी बेच सकती है। ऐसे में कुल बिक्री 6.5 फीसदी तक पहुंच सकती है। पहले दिन नॉन रिटेल निवेशको को खरीदारी का मौका मिलेगा, जबकि अगले दिन खुदरा निवेशकों को मौका मिलेगा।

एलआईसी के बिक्री पेशकश को जोरदार समर्थन

सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की 6.5 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री पेशकश (ओएफएस) को मंगलवार को संस्थागत निवेशकों से जोरदार प्रतिक्रिया मिली। निवेशकों ने इसके लिए 36,400 करोड़ रुपये की बोलियां लगाईं। सरकार संस्थागत निवेशकों के लिए एलआईसी के 28.46 करोड़ से अधिक शेयर 382 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेच रही है। यह निर्गम बुधवार को खुदरा निवेशकों के लिए खुलेगा। संस्थागत निवेशकों ने 383.84 रुपये प्रति शेयर के सांकेतिक मूल्य पर 94.45 करोड़ से अधिक शेयरों के लिए बोलियां लगाईं। इस सांकेतिक मूल्य पर बोलियों का कुल मूल्य 36,400 करोड़ रुपये बैठता है।

हिस्सा बेचने का कारण सेबी का नियम

सरकार का यह फैसला सिर्फ पैसा जुटाने के लिए नहीं है। इसके पीछे एक बड़ा कारण सेबी का नियम भी है। सेबी के अनुसार, शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी में कम से कम 25 फीसदी हिस्सेदारी आम निवेशकों के पास होनी चाहिए। अभी एलआईसी में सरकार की हिस्सेदारी बहुत ज्यादा है, इसलिए पब्लिक शेयरहोल्डिंग बढ़ाना जरूरी है। एलआईसी की शेयर बाजार में लिस्टिंग साल 2022 में हुई थी। उस समय इसका आईपीओ देश का सबसे बड़ा आईपीओ माना गया था। अब सरकार चाहती है कि कंपनी में आम निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़े और वह तय नियमों के करीब पहुंच सके। इसी वजह से ओएफएस के जरिए शेयर बेचने का फैसला लिया गया है।

शेयर बाजार में चार दिन से जारी तेजी थमी

सेंसेक्स 210 अंक टूटा, निफ्टी में 159 अंक की गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। वायदा एवं विकल्प अनुबंध में शेयर के लिए नई नीलामी प्रक्रिया पेश होने के बाद बीएसई सेंसेक्स 210 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 159 अंक की गिरावट आई। नकद इक्विटी खंड में समापन नीलामी सत्र (सीएएस) सोमवार से शुरू हो गया। इसके तहत पात्र शेयरों के समापन मूल्य तय करने के लिए नई नीलामी आधारित व्यवस्था लागू की गई है। इसका उद्देश्य कीमतों की खोज प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाना है। नई नीलामी व्यवस्था लागू होने के बाद मंगलवार को शुरुआती कारोबार में बाजार के प्रमुख सूचकांक मिले-जुले रुख के साथ कारोबार करते नजर आए। शुरुआती बढ़त गंवाने के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 210.08 अंक टूटकर 78,428.95 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी पूरे कारोबार में नुकसान में रहा और अंत में 159.40 अंक की गिरावट के साथ 24,614.90 अंक पर बंद हुआ।

- एफएंडओ में नई नीलामी प्रक्रिया पेश होने के बाद आई गिरावट



उतार-चढ़ाव का नया स्तर जुड़ गया

एचएसटी वेल्थ के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा कि वायदा एवं विकल्प शेयरों के लिए समापन नीलामी सत्र (सीएएस) शुरू होने से प्रमुख सूचकांकों में उतार-चढ़ाव का एक नया स्तर जुड़ गया है। मंगलवार के कारोबार में बाजार की नई संरचना के अनुसार शुरुआती समायोजन देखने को मिला।

कैनेडियन ओपन : 39 की उम्र में मॉनफिल्स का धमाका, रिकॉर्ड जीत के साथ दूसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

गेल मॉनफिल्स ने पोलैंड के कामिल माजचजाक को 6-4, 6-4 से हराकर कैनेडियन ओपन के दूसरे राउंड में जगह बनाई और एक टेनिस प्रो के तौर पर मॉन्ट्रियल में अपने आखिरी दौरे को आगे बढ़ाया। यह अप्रैल में मोंटे-कार्लो के बाद उनकी पहली टूर-लेवल जीत थी।

कैनेडियन एटीपी मास्टर्स 1000 में अपना 15वां और आखिरी मैच खेलते हुए, मोनफिल्स इस इवेंट में मैच जीतने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। 1 सितंबर को वह 40 साल के हो जाएंगे। इस फ्रांसीसी खिलाड़ी से ज्यादा बार इस इवेंट में सिर्फ जॉन मैकनरो और मिखाइल यूजनी (दोनों 16 बार) ने हिस्सा लिया है।



जीत के बाद मॉनफिल्स ने कहा, इस माहौल के लिए शुक्रिया, यहां आने के लिए शुक्रिया, दिल से शुक्रिया, आप लोग कमाल के हैं।

25वीं जीत दर्ज करने वाले नौवें खिलाड़ी बने मॉनफिल्स

ओपन एरा में इस इवेंट में 25 जीत (25-13) दर्ज करने वाले सिर्फ नौवें खिलाड़ी बने मॉनफिल्स ने एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल पर कुल 146 जीत दर्ज की हैं,जो बिना मास्टर्स 1000 टाइटल जीते किसी भी खिलाड़ी की सबसे ज्यादा जीत है। मॉन्ट्रियल में वाइल्ड कार्ड एंट्री पाने वाले इस खिलाड़ी ने पूरे मैच के दौरान दर्शकों का मनोरंजन किया। मोनफिल्स ने अपनी दूसरी कोशिश में मैच जीता और दोनों सेट में अपनी मजबूत सर्विस का फायदा उठाया। एटीपी आंकड़ों के मुताबिक, पहली सर्विस पर उनकी जीत का प्रतिशत 84 (26/31) रहा।

अब अमेरिका के लर्नर टिएन से मुकाबला

दूसरे राउंड में उनका सामना टूर्नामेंट के नंबर 12 सीड, अमेरिकी लर्नर टिएन से होगा। वहीं, मारियानो नवोन ने माटेओ बेरेटिनी के खिलाफ 6-3, 6-7(5), 6-3 से जीत हासिल करके अपना पर्सनल रिकॉर्ड बनाया। 2026 में अपनी 19वीं जीत के साथ, नवोन ने एक सीजन में सबसे ज्यादा जीत का अपना पर्सनल-बेस्ट रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले पिछले दो सालों में उन्होंने हर साल 18 जीत हासिल की थीं। एटीपी के आंकड़ों के अनुसार, अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने बेरेटिनी के खिलाफ 12 में से 11 ब्रेक पॉइंट बचाए और अब वे पिछले पांच एटीपी मास्टर्स 100 टूर्नामेंट में से चार में दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। दुनिया के नंबर 41 खिलाड़ी के खिलाफ उनकी यह जीत, एटीपी रैंकिंग में टॉप 50 खिलाड़ियों में से किसी एक के खिलाफ हार्ड-कोर्ट पर उनकी दूसरी जीत है।

अलेक्जेंड्रा ने जीता पहला डब्ल्यूटीए एकल खिताब

वॉशिंगटन। अलेक्जेंड्रा एला ने जेसिका पेगुला को 4-6, 6-4, 6-0 से हराकर कैरियर का पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीत लिया। भारी बारिश के कारण महिला एकल फाइनल दो दिन तक चला। अलेक्जेंड्रा डब्ल्यूटीए टूर पर एकल खिताब जीतने वाली फिलीपीन की पहली खिलाड़ी बन गई। पुरुष फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने रफाएल जोडार को 7-6, 6-4 से हराया।

सिंधू को नौवीं, सात्विक चिराग को पांचवीं वरीयता



नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को आगामी बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के लिए नौवीं वरीयता दी गई है जबकि पुरुष युगल टीम सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पांचवीं वरीयता मिली है। इंदिरा गांधी स्टेडियम पर 17 से 23 अगस्त तक यह चैंपियनशिप खेली जाएगी। सिंधू ने जापान ओपन टूर्नामेंट जीता है जबकि सात्विक और चिराग 2022 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हैं। भारत ने पांचों वर्गों में दो प्रविष्टियां भेजी है। सिंधू , सात्विक-चिराग के अलावा पूर्व विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को पुरुष एकल में 14वीं वरीयता है जबकि मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को 15वीं वरीयता मिली है। पुरुष एकल विश्व चैंपियन चीन की शि युकी और दक्षिण कोरिया की महिला एकल स्टार आन से यंग को शीर्ष वरीयता मिली है।

सेरेना और वीनस खेलेंगी युगल मुकाबला



मैसन। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स और वीनस विलियम्स यूएस ओपन से पहले एक बार फिर युगल मुकाबलों में साथ खेलती नजर आएंगी। दोनों बहनों को अगले सप्ताह से शुरू होने वाले सिनसिनाटी ओपन के युगल वर्ग में वाइल्ड कार्ड प्रवेश मिला है। विलियम्स बहनों ने पिछली बार 2022 के यूएस ओपन में साथ मिलकर युगल मुकाबला खेला था। मेसन (ओहायो) में आयोजित होने वाले इस हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट में दोनों पहली बार एक साथ चुनौती पेश करेंगी। इससे पहले उन्हें विंबलडन के युगल वर्ग में भी वाइल्ड कार्ड मिला था, लेकिन सेरेना की चोट के कारण वे हिस्सा नहीं ले सकी थीं।

भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट गॉल में 15 अगस्त से

श्रीलंका दौरे के लिए टीम इंडिया रवाना साई सुदर्शन की फिटनेस पर सस्पेंस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ 15 अगस्त से शुरू होने वाली है। इससे पहले, टीम इंडिया 7 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ एक प्रैक्टिस मैच खेलेगी। भारतीय टीम 4 अगस्त को श्रीलंका के लिए मुंबई से रवाना हुई। हालांकि, ध्यान देने वाली बात यह है कि 15 भारतीय खिलाड़ियों में से केवल 14 ही यात्रा कर पाए, जबकि एक खिलाड़ी भारत में ही रह गया। वह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि बाएं हाथ के बल्लेबाज साई सुदर्शन हैं। उन्हें एयरपोर्ट पर टीम के साथ नहीं देखा गया।

अब सवाल यह उठता है कि सुदर्शन भारतीय टीम के साथ क्यों नहीं गए? जब टीम की घोषणा की गई थी, तो बीसीसीआई ने कहा था कि सीरीज़ में सुदर्शन और जसप्रीत बुमराह दोनों की भागीदारी उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगी। बुमराह फिटनेस टेस्ट पास करने में विफल रहे और भारतीय बोर्ड ने उनकी जगह आकिब नबी का नाम शामिल किया, लेकिन सुदर्शन को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है।





राहुल और यशस्वी ने नेट पर किया स्पिनरों का सामना

भारतीय क्रिकेट टीम के श्रीलंका दौरे के लिए रवाना होने से पहले केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने मुंबई में खास ट्रेनिंग की। उन्होंने एक एकेडमी में जाकर अलग-अलग तरह के स्पिनर्स की गेंदों का सामना किया। श्रीलंका में दो टेस्ट की सीरीज के दौरान स्पिनर्स का बोलबाला रहने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में राहुल और जायसवाल ने फिरकी गेंदों का खूब सामना किया। उन्होंने हर तरह के स्पिनर्स को खेला। यह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2027 के लिहाज से अहम सीरीज रहने वाली है। ऐसे में भारत के ओपनर्स केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने मुंबई में बैटिंग प्रैक्टिस की।

सीरीज का शेड्यूल

3-दिवसीय वार्म-अप मैच
7 अगस्त से
पहला टेस्ट : 15 से 19 अगस्त, इंटरनेशनल स्टेडियम, गाले
दूसरा टेस्ट : 23 से 27 अगस्त, सिंहलीज़ स्पोर्ट्स क्लब, कोलंबो

लुसाने डायमंड लीग

नीरज के सामने एक बार फिर पथिरागे और नदीम की चुनौती

21 अगस्त को होगा टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा 21 अगस्त को लुसाने डायमंड लीग में राष्ट्रमंडल चैंपियन और इस सत्र में सबसे आगे चल रहे श्रीलंका के रूमेश पथिरागे का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट में ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले चुके पांच खिलाड़ी नजर आएंगे।

ग्लास्गो में सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके 85.83 मीटर का थ्रो फेंकने वाले चोपड़ा का सामना ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम, मौजूदा विश्व चैंपियन त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकाट और पूर्व विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से होगा। तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश, जर्मनी के जूलियन वेबर, स्विटजरलैंड के सिमोन वीलैंड और अमेरिका के कुर्टिस थॉम्पसन भी इसमें नजर आएंगे।

पांच सुपरस्टार टूर्नामेंट में लेंगे भाग

आयोजकों ने कहा,' पिछले चार ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप जीत चुके भालाफेंक के पांच सुपरस्टार 21 अगस्त को इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे।' चोट से उबरने के बाद यह चोपड़ा का तीसरा टूर्नामेंट होगा। वह जून में दोहा डायमंड लीग में 85.69 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। पथिरागे ने राष्ट्रमंडल खेलों में 89.75 मीटर का थ्रो लगाकर पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने जून में गोल्डन गाला पिएट्रो मेनिया में 92.62 मीटर का थ्रो लगाया था।

राष्ट्रमंडल खेल : पदक विजेताओं का वतन वापसी पर भव्य स्वागत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन कर स्वदेश लौटे भारतीय खिलाड़ियों का राष्ट्रीय राजधानी में भव्य स्वागत किया गया लेकिन खिलाड़ियों ने स्पष्ट किया कि जश्न मनाने के लिए उनके पास ज्यादा समय नहीं है, क्योंकि अगले महीने जापान में होने वाले एशियाई खेल अब उनका अगला बड़ा लक्ष्य हैं। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही खिलाड़ियों का ढोल-नगाड़ों, देशभक्ति गीतों और फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

सपना सच हो गया : साक्षी

मुक्केबाज साक्षी चौधरी ने कहा, 'मैं हर रात स्वर्ण जीतने, राष्ट्रगान सुनने और इसी तरह स्वागत मिलने का सपना देखती थी। अब वह सपना सच हो गया है। अगला लक्ष्य एशियाई खेल हैं और वहां भी इसी प्रदर्शन को दोहराना चाहती हूं।'





एशियाई खेलों में पदक जीतना लक्ष्य : जैसमीन

स्वर्ण पदक विजेता जैसमीन लंबोरिया ने बताया कि बीमारी के कारण उनकी तैयारियां प्रभावित हुई थीं और वह खेलों से पहले केवल तीन सप्ताह ही अभ्यास कर सकी थीं। उन्होंने कहा, 'रिंग में उतरते ही मैंने बाकी सब कुछ भुला दिया और सिर्फ भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान केंद्रित किया।' उन्होंने कहा कि आगामी एशियाई खेलों और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक जीतना उनका मुख्य लक्ष्य है।

आत्मविश्वास सबसे बड़ी ताकत : अस्मिता

राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय जूडोका अस्मिता डे ने कहा कि उन्हें शुरू से पूरा भरोसा था कि वह देश के लिए इतिहास रचेंगी और यही अटूट आत्मविश्वास उनकी सबसे बड़ी ताकत साबित हुआ। अस्मिता ने कहा, 'ग्लास्गो रवाना होने से पहले मेरे मन में सिर्फ एक ही लक्ष्य था कि मुझे स्वर्ण पदक जीतना है।

HDFC BANK HDFC Bank Ltd.
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

ई-नीलामी विक्रय सूचना

नीलामी की तिथि एवं समय :- 10-सितंबर-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित।

एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:

एतद्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

स. क्रं.	(A) ऋणी(यों) का नाम	(B) वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)*	(C) अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है)	(D) कब्जे का प्रकार	(E) आरक्षित मूल्य (रु.)	(F) (G) ब्याना जमा राशि (रु.) बोली वृद्धि राशि (रु.)
1.	**श्री चौरसिया विशाल गौरीशंकर** एचआईजी 11, दिनदयाल कॉलोनी, खैरागढ़ रोड, चिखली वार्ड क्रमांक 06, राजनांदगांव– 491441. **श्री चौरसिया विशाल गौरीशंकर** स्पर्श ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड, मारुति सुजुकी शोरूम, मनकी रोड के पास, राजनांदगांव – राजनांदगांव – 491441. **श्रीमती चौरसिया भारती विशाल** एचआईजी 11, दिनदयाल कॉलोनी, खैरागढ़ रोड, चिखली वार्ड नंबर 06, राजनांदगांव– 491441.	₹ 24,15,577/- 28 फरवरी 2025* की स्थिति में	समस्त भाग एवं आंशिक भाग की यूनिट– एलआईजी–I-03, क्षेत्रफल 58.50 वर्ग मीटर/629.46 वर्ग फुट, खसरा संख्या 9/1, छ.ग. गृह निर्माण मंडल, दीन दयाल आवास योजना, चिखली, वार्ड–6, प.ह.–39, तहसील एवं जिला राजनांदगांव में स्थित है। जिसकी **चौहद्दी:**–उत्तर में एलआईजी–I-22, दक्षिण में कॉलोनी रोड, पूर्व में एलआईजी–I-02, एवं पश्चिम में एलआईजी–I-04, कुल क्षेत्रफल 58.50 वर्ग मीटर या 629.46 वर्ग फुट है। **लेटिट्यूड– 21.116377, लांगिट्यूड–881.041171.**	भौतिक	₹25,19,000/-	₹2,51,900/- ₹ 5,000/-
2.	**श्री रोक्कम श्रीधर** 558 पंचशील नगर पूर्व, पोस्ट बी.एम.वाई., चरोदा वार्ड 20, भिलाई चरोदा दुर्ग, भिलाई–493441. **श्री रोक्कम श्रीधर** मै. श्री ब्रदर्स इंटरप्राइजेज, 01 ग्राम सांकरा, तहसील धरसीवा, पोस्ट सोंद्रा, रायपुर 492001. **श्रीमती आर रजनी** 558 पंचशील नगर पूर्व, पोस्ट बी.एम.वाई., चरोदा वार्ड 20, भिलाई चरोदा दुर्ग, भिलाई–493441. **श्रीमती आर रजनी** मैसर्स. श्री ब्रदर्स इंटरप्राइजेज, 01 ग्राम सांकरा, तहसील धरसीवा, पोस्ट सोंद्रा, रायपुर 492001.	₹ 9,23,756/- 31 जनवरी 25* की स्थिति में	समस्त भाग एवं आंशिक भाग की यूनिट एल–76, क्षेत्रफल 690 वर्ग फुट है, खाता संख्या 323, खसरा संख्या 88/2, लोटस सिटी, प.ह.नं.–4, रानिमं–भिलाई–3, ग्राम–परसादा, तहसील–पाटन एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ **चौहद्दी:**– उत्तर में प्लॉट संख्या एल–65, दक्षिण में रास्ता, पूर्व में प्लॉट संख्या एल–75 एवं पश्चिम में प्लॉट संख्या एल–77, कुल क्षेत्रफल 690 वर्ग फुट (64.12 वर्ग मीटर) है। **लेटिट्यूड–21.236783 लांगिट्यूड–81.521741.**	भौतिक	₹10,74,000/-	₹1,07,400/- ₹ 5,000/-
3.	**श्री चक्रवर्ती कुणाल** मकान नं. 123/पी, पारिजात, मोंगरा, जूही, ब्लॉक बी, तालपुरी, दुर्ग तालपुरी वार्ड 63, भिलाई नगर, दुर्ग – छत्तीसगढ़, पिन – 491001 – भारत. **श्री चक्रवर्ती कुणाल** टाइडल हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, घाटकोपर–पश्चिम, ए–101, घाटकोपर इंडस्ट्रियल एस्टेट, एलबीएस मार्ग, घाटकोपर–पश्चिम मुंबई – 400086. **श्रीमती चक्रवर्ती तृप्ति** मकान नं. 123/पी, पारिजात, मोंगरा, जूही, ब्लॉक बी, तालपुरी, दुर्ग तालपुरी वार्ड 63, भिलाई नगर, दुर्ग – छत्तीसगढ़, पिन – 491001 – भारत।	₹ 4,77,291/- 31 अगस्त 24* की स्थिति में	फ्लैट–123/O, तीसरी मंजिल, पारिजात अपार्टमेंट्स, स.क्र., ट्विन सिटी तालपुरी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आमदी; रुआबन्धा; भिलाई छत्तीसगढ़, कुल निर्मित क्षेत्रफल–365.19 वर्ग फुट (33.94 वर्ग मीटर), **लेटिट्यूड–21.170860, लांगिट्यूड– 81.323730**	भौतिक	₹4,93,000/-	₹49,300/- ₹ 5,000/-
4.	**टीकम श्वेता,** द्वारा कन्हैया लाल टीकम, होटल पूनम कॉम्प्लेक्स, सर्किट हाउस रोड, चांदनी चौक बस्तर, जगदलपुर–छत्तीसगढ़ 494001. **टीकम श्वेता,** मै. श्वेता टीकम, अतिथि होटल के पीछे, शांति नगर, जगदलपुर – छत्तीसगढ़ 494001.	₹ 27,92,226/- 31 दिसंबर 24* की स्थिति में	समस्त भाग एवं आंशिक भाग की रिहायशी फ्लैट/अपार्टमेंट क्षेत्रफल बिल्टअप एरिया–758 वर्गफीट (कारपेट एरिया–711 वर्गफीट) खसरा नं.–148/8, 148/122 एवं 148/23, भाग–मौजा–जगदलपुर, फ्लैट नं.–509, पांचवा तल, ब्लॉक–बी, अविनाश अतुल्य अपार्टमेंट, प.ह.नं.–05, वार्ड नं. 21, राजेन्द्र नगर वार्ड, तहसील जगदलपुर, जिला–बस्तर छत्तीसगढ़ एवं **चौहद्दी:**–उत्तर में रास्ता, दक्षिण में खुला क्षेत्र, पूर्व में फ्लैट संख्या बी 508 एवं पश्चिम में फ्लैट संख्या बी 510, कुल क्षेत्रफल 948 वर्ग फुट। बिल्टअप एरिया 758 वर्ग फुट, कारपेट एरिया 711 वर्ग फुट। **लेटिट्यूड–19.077028, लांगिट्यूड– 82.005616.**	भौतिक	₹26,58,000/-	₹2,65,800/- ₹ 5,000/-
5.	**श्रीमती तिवारी मंजू** पत्नी श्री तिवारी मयंक मौली (मृतक के बाद से) अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी, मकान नंबर– 191, 07, वार्ड नंबर 35, जोन 3, दुर्गा मंदिर, खुर्सीपार, भिलाई, दुर्ग छत्तीसगढ़ 493441.	₹ 18,80,745/- 30 जून 22* की स्थिति में	प्लॉट सर्वे आईडी नंबर 23, प्लॉट साई किराना के पास, घर, व्यवस्था योजना अंतर्गत, जिला दुर्ग, न्यू खुर्सीपुर, वार्ड 32 सिंधी कॉलोनी के पीछे, गुरुद्वारा, दुर्ग छ.ग. कुल क्षेत्रफल– 56.05 वर्ग मीटर, भूतल बिल्टअप एरिया–56.05 वर्ग मीटर प्रथम तल– 56.05 वर्ग मीटर, **लेटिट्यूड**–21.208541, **लांगिट्यूड**–81.404368.	भौतिक	₹17,31,000/-	₹1,73,100/- ₹ 5,000/-
6.	**श्री सिंह निर्मल जीत** सर्व जीत सिंह फ्लैट नंबर ईडब्ल्यूएस नंबर 11, ब्लॉक 9, दूसरी मंजिल, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, महुरत रिसॉर्ट, पिरदा 2, कुरुद कैंप, रायपुर – 492101. **श्री सिंह निर्मल जीत** टेली परफॉर्मेंस ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, 408, उद्योग विहार, गुड़गांव – 122001.	₹ 7,15,667/- 31 अक्टूबर 24* की स्थिति में	समस्त भाग एवं आंशिक भाग का फ्लैट नं.–एल.आई.जी.-09, दूसरी मंजिल, ब्लॉक–12, क्षेत्रफल– 614.40 वर्ग फुट, खसरा संख्या 617 भाग, पीरदा, रायपुर, साइट–बी (सामान्य आवास योजना), प.ह.नं.–43, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित, और उत्तर में 7.5 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण में निजी भूमि, पूर्व में सार्वजनिक परिवहन विभाग की सड़क और पश्चिम में एल.आई.जी. ब्लॉक–13 से घिरा हुआ है। कुल क्षेत्रफल– 57.10 वर्ग मीटर या 614.40 वर्ग फुट, **लेटिट्यूड–** 21.250944, **लांगिट्यूड**–81.740417.	भौतिक	₹7,75,000/-	₹77,500/- ₹ 5,000/-

सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :- 22-अगस्त-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे
बोली की अंतिम तिथि :-08-सितंबर-2026, शाम 5.00 बजे के पहले

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।

ऋणभार/दावों का खुलासा: 1. HDFC के अधिकृत अधिकारी की जानकारी और ज्ञान के अनुसार, सीरियल नंबर 1–5 वाली अचल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों पर कोई बोझ नहीं है। 2. आइटम सीरियल नंबर 6 के लिए, इन्वेंट्री मौजूद है। उक्त संपत्ति के खरीदार को अनिवार्य रूप से यह इन्वेंट्री खरीदनी होगी।

संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई–नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई–मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.

दिनांक: 05 अगस्त, 2026
स्थान: दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, रायपुर

रजिस्टर्ड पता–एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई–400013

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी
ASA

कोरिया मास्टर्स : भारतीय जोड़ी ने किया उलटफेर

कृष्ण-पृथ्वी ने सिर्फ 42 मिनट में थाई जोड़ी को हराया

एजेंसी ▶▶| आसान

कृष्ण प्रसाद गारगा और पृथ्वी कृष्णमूर्ति राय ने चेलोमपोन चेरोनकितामोर्न और वोरापोल थोंग्सा एनगा की थाईलैंड की छठी वरीय जोड़ी को सीधे गेम में हराकर उलटफेर करते हुए कोरिया मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली जोड़ी को सिर्फ 42 मिनट में 21-16 21-18 से हराया। कृष्ण प्रसाद और पृथ्वी अगले दौर में जुनसुके कुबो और जिया हाओ होविन वोंग की सिंगापुर की जोड़ी तथा यंग ह्युक किम और तेइ योंग शिन की कोरिया की जोड़ी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।



जापान के शोगो ओगावा से हारे तुषार सुवीर

पुरुष एकल क्वालीफायर के पहले दौर में भारत के तुषार सुवीर ने कनाडा शौर्य गुलाइया को 21-15 21-12 से हराया लेकिन अगले दौर में जापान के शोगो ओगावा के खिलाफ 10-21 17-21 से हार गए।

प्रिया और श्रुति को करना पड़ा हार का सामना

अच्युतादित्य राव डोडावारप्पु और अर्जुन रेड्डी पोचाना की भारत की एक अन्य पुरुष युगल टीम को हालांकि कोरिया के सोल ग्यु चोई और मलेशिया के वी शेम गोह की जोड़ी के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 3-21 10-21 से हार झेलनी पड़ी। प्रिया कोंजेंगबाम और श्रुति मिश्रा की भारत की महिला युगल टीम को भी रिरिना हिरामोतो और कोकोना इशिकावा की जापान की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ 15-21 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

Product by: A. Indian Mushroom Ayurved & Food Product
MushroomAD
Mushroom Soup Powder
हेल्थी बॉडी, कॉन्फिडेंस रेडी
लाखो ग्राहकों का विश्वास
सभी मेडिकल्स में उपलब्ध.
For more details call - 9373556677
MADE IN INDIA
भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाला मशरूम उत्पाद
नया पैक
• भूख व वजन बढ़ाने में सहायक
• दुबलेपन को दुर करने में सहायक
• प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक
• गैस तथा एसिडीटी के लिए भी लाभदायक
• उर्जावान बनाने व कॉन्फिडेंस बढ़ाने में सहायक
कमजोरी हटाने व नया खुन बनाने में सहायक
SS - पंकज मेडीकोज, बिलासपूर -6261187686, नथानी एजेन्सी, रायपूर - 7746032260, राजनांदगाव - महेश एजन्सी-7000616262, ताराचंद चितलांगीया । कं. -8889669996

हर दिन एडवांस होती टेक्नोलॉजी से ऐसा डिजिटल कैमरा तैयार हुआ है, जो एक बार में ही लाखों गैलेक्सी और हजारों तारों को कैमरे में कैद कर लिया। 3.2-गीगापिक्सल के सुपर-कैमरे ने अंतरिक्ष के एक छोटे से कोने की ऐसी डीप व्यू तस्वीर ली है, जिसमें 5,00,000 से ज्यादा गैलेक्सी और 50,000 तारे चमचमाते नजर आ रहे हैं।

एक तस्वीर में कैद हुईं 5 लाख से ज्यादा गैलेक्सी और 50 हजार तारे

वॉशिंगटन। यह सिर्फ एक फोटो नहीं, बल्कि अरबों साल पुराने अंतरिक्ष के इतिहास की सबसे साफ झलक है। वैज्ञानिकों ने ब्रह्मांड का अब तक का सबसे साफ और गहरा दृश्य दुनिया के सामने पेश किया है। चिली में बने वेरा सी. रुबिन ऑब्जर्वेटरी के जरिए वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष के एक खास हिस्से की एक ही फ्रेम की तस्वीर जारी की है। इसमें 5 लाख से ज्यादा आकाशगंगाएं यानी गैलेक्सी और 50,000 से ज्यादा तारे साफ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को खींचने के लिए इंसानों द्वारा बनाए गए अब तक के सबसे बड़े डिजिटल कैमरे का इस्तेमाल किया गया है।

कैसे खींची गई ये तस्वीर?

यह तस्वीर किसी एक क्लिक में नहीं ली गई है। इस करिश्मे के पीछे रुबिन ऑब्जर्वेटरी में लगा 3.2-गीगापिक्सल यानी 3.2 अरब पिक्सल क्षमता वाले एलएसएसटी कैमरा और 8.4-मीटर का सिमोनी सर्वे टेलीस्कोप है। वैज्ञानिकों ने कई सौ अलग-अलग तस्वीरों को एक के ऊपर एक स्टैक यानी रखकर लैयरिंग किया। जब सैकड़ों तस्वीरों का एक्सपोजर आपस में मिला, तो बहुत दूर और बहुत धुंधली दिखने वाली गैलेक्सी की रोशनी भी साफ उभरकर सामने आ गई।



वैज्ञानिकों की पहली पसंद क्यों है अंतरिक्ष का यह कोना?

जिस जगह की यह तस्वीर ली गई है, उसे कॉस्मॉस फील्ड कहते हैं। वैज्ञानिक पिछले 20 सालों से अंतरिक्ष के इसी हिस्से का रिसर्च कर रहे हैं। कम रुकावट, साफ नजारा: यह हिस्सा हमारी अपनी आकाशगंगा के घने इलाके और धूल के बादलों से दूर है। इस वजह से यहां से दूर-दराज की गैलेक्सी एकदम साफ दिखाई देती हैं। अंतरिक्ष में जितना दूर हम देखते हैं, दरअसल हम समय में उतना ही पीछे देख रहे होते हैं।


ब्रह्मांड का सबसे विस्तृत रिकॉर्ड

रुबिन ऑब्जर्वेटरी का असली मकसद 10 साल का एक महा-मिशन है, जिसे लेगेसी सर्वे ऑफ स्पेस एंड टाइम नाम दिया गया है। यह अर्ली डेटा प्रीव्यू 2 अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच जुटाए गए डेटा पर आधारित है। यह तस्वीर रात के करीब 3,000 स्क्वायर डिग्री के दायरे को कवर करती है, जो दक्षिणी गोलार्ध के दिखाई देने वाले आसमान का करीब छठा हिस्सा है। एनएसएफ एनओआईआरलैब में रुबिन ऑब्जर्वेटरी के निदेशक बॉब ब्लम के मुताबिक, यह तो बस शुरुआत है। आने वाले सालों में जब इस जगह की बार-बार तस्वीरें ली जाएंगी, तो सुपरनोवा यानी तारे के विस्फोट जैसी अल्पकालिक खगोलीय घटनाओं को लाइव देखने और समझने का मौका मिलेगा।

रोचक खबरें

कांगो के भयानक जंगलों में दिखा शेर की तरह दहाड़ने वाला लंगूर

ब्यूनस आयर्स। आपने गांव-शहर में बंदर तो बहुत सारे देखे होंगे, जो अपनी अठखेलियों से किसी का भी मन मोह लेते हैं। अब दुनिया में पहली बार बंदर की ऐसी प्रजाति का पता चला है, जिसके बारे में आज तक न तो कभी सुना गया और न ही कभी उसे किसी ने देखा था। वह ऊपर से नीचे तक एकदम काले रंग का लंगूर है, जो अफ्रीका के एक देश के घने जंगलों में रहता है। पहली बार उसका फोटो सामने आने के बाद पूरी दुनिया हैरान है और उसके बारे में ज्यादा जानकारी पाने को उत्सुक है। साइंस न्यूज वेबसाइट के मुताबिक, यह अद्भुत बंदर कांगो के घने जंगलों में रहता है। पूरी तरह काले रंग वाले इस लंगूर की आधी-अधूरी फोटो पहली बार 2008 में दुनिया के सामने आई थी। उस दौरान कैमरे को देखते ही लंगूर ने उसकी ओर अपनी पीठ कर ली थी। जिसके चलते दुनिया को केवल उसकी काली खाल और पूंछ का एक हिस्सा ही दिखा। लेकिन, यह फोटो फ्लोरिडा अटलांटिक यूनिवर्सिटी के जीवविज्ञानी ज्यूनियर अंबोको और उनकी टीम की उत्सुकता जगाने के लिए काफी था। उनके मन में सवाल था कि क्या यह विज्ञान की दुनिया से छुपा कोई नया जीव था, जिसके बारे में दुनिया को आज तक कुछ पता नहीं था? इसके बाद अंबोको और उनकी टीम ने इस पहेली को सुलझाने का फैसला किया। वे 2018 में कांगो के उस जंगल में लौटे और 4 साल तक वहां रहे। रिसर्च के दौरान उन्हें पता चला कि वह 'रहस्यमयी लंगूर' बंदरों की 7 अन्य प्रजातियों और बोनोबो (एक प्रकार के चिंपैंजी) के साथ रहता था। वह लंगूर शेर की तरह भारी दहाड़ निकालता था। रिसर्च के दौरान टीम की नर लंगूर के मुंह के पास बने खास नारंगी धब्बे पर पड़ी। उन्होने स्थानीय पार्क अधिकारियों की ओर से जब्त की गई खोपड़ियों का भी अध्ययन किया।



आसमान में तैरने लगीं लपटें! क्या वाकई बादलों में लग गई आग ?

न्यूयार्क। आसमान में तैरती हरी, नीली और नारंगी रंग की लपटें... ऐसा लगता है मानो बादलों के बीच आग नाच रही हो! पहली नजर में देखने पर हर किसी की सांसें थम जाएं, कि आसमान में आग कैसे लग गई। लेकिन जरा रुकिए... बादलों में दिख रही आग जैसी रंगीन चमक न तो कोई आग है और न ही आसमान में हुआ कोई हादसा। वेस्ट वर्जीनिया के आसमान में कैद हुए इस हैरतअंगेज नजारे ने सोशल मीडिया से लेकर वैज्ञानिक दुनिया तक सबको हैरान कर दिया है। आसमान में तैरती हरी, नीली और नारंगी रंग की लपटों को देखकर भले ही आग जैसी लग रही हों, लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि इसका न तो आग से कोई संबंध है और न ही यह बारिश वाले इंद्रधनुष की तरह बनता है। ऐसे में सवाल उठता है कि फिर आखिर यह क्या है? साइंस की दुनिया में इस घटना को सरकमहॉरिजॉन्टल आर्क कहते हैं। यह एक दुर्लभ ऑप्टिकल घटना है, जो तब बनती है जब सूर्य की किरणें हवा में मौजूद लाखों छोटे-छोटे बर्फ के क्रिस्टल से होकर गुजरती हैं। यह शानदार नजारा साल 2021 में वेस्ट वर्जीनिया की नॉर्थ फोर्क माउंटेन के पास कैमरे में कैद किया गया था, जिसमें बादलों के नीचे आग की लपटों जैसे रंगीन पैटर्न बनते देखे गए थे। यह पूरी प्रक्रिया आसमान में एक प्राकृतिक प्रिज्म की तरह काम करती है। जब सूरज की रोशनी चपटे और षट्कोणीय बर्फ के क्रिस्टल से टकराती है, तो वह परावर्तित होकर सात रंगों में बंट जाती है। इस घटना के होने के पीछे कुछ खास वायुमंडलीय स्थितियों का एक साथ होना बहुत जरूरी है।



आदर्श स्थितियों में भी 146 से 194 साल ही है इंसान की उम्र की सीमा

इंसान हमेशा से अमर होने का सपना देखता आया है। वैज्ञानिक भी सदियों से ऐसी दवाओं और टेक्निकों की तलाश में हैं, जिससे इंसान की उम्र बढ़ाई जा सके, लेकिन हाल ही में रूस के वैज्ञानिकों ने इस मामले पर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है।

मास्को। इंसान अमर होने का कितना भी इलाज ढूंढ ले, लेकिन ये नामुमकिन है। जानिए रूसी वैज्ञानिकों के नए गणितीय मॉडल ने उम्र की सीमा को लेकर क्या बड़ा खुलासा किया है। स्कोलटेक और एआईआरआई के रिसर्चर्स का कहना है कि, अगर दुनिया से सारी बीमारियां खत्म भी हो जाएं, तब भी इंसान 146 से 194 साल से ज्यादा नहीं जी सकता। इसकी सबसे बड़ी वजह हमारे दिमाग और दिल की वो सेलस हैं, जो समय के साथ खुद को बदल नहीं पातीं। नई स्टडी ने साफ कर दिया है कि शरीर को कितना भी फिट रख लिया जाए, फिर भी एक समय के बाद सांसें थमना तय है। इंसानी शरीर की अपनी एक तय सीमा है, जिसे पार करना फिलहाल नामुमकिन नजर आता है।

क्या इंसान अमर हो सकता है? वैज्ञानिकों की रिसर्च से खुलासा



डीएनए में होने वाले ये बदलाव लेते हैं जान

अब आप सोच रहे होंगे कि, आखिर सोमैटिक म्यूटेशन है क्या? दरअसल, ये डीएनए में होने वाले वो छोटे छोटे अनचाहे बदलाव हैं, जो उम्र बढ़ने के साथ शरीर में जमा होते रहते हैं। हमारी स्किन या लिवर के सेल तो नई बनती रहती हैं, जिससे वो लंबे समय तक खुद को बचा लेती हैं, लेकिन हमारे दिमाग के न्यूरॉन्स और दिल की मांसपेशियां एक बार बनने के बाद दोबारा डिवाइड नहीं होतीं। यही वजह है कि इन ऑर्गन में लोस लगातार बढ़ता जाता है और आखिर में शरीर काम करना बंद कर देता है।

अमर होना क्यों है नामुमकिन?

स्कोलकोवो इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी यानी स्कोलटेक और आर्टिफिशिअल इंटेलिजेंस रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने इस रिसर्च को मिलकर पूरा किया है। उनका कहना है कि अगर हम कैंसर, दिल की बीमारी जैसी हर जानलेवा बीमारी का इलाज खोज लें, तब भी इंसान की उम्र करीब 156 साल के आसपास ही रहेगी। ज्यादा से ज्यादा कोई व्यक्ति 194 साल तक खींच सकता है। इसकी मुख्य वजह हमारे शरीर के अंदर जमा होने वाले सोमैटिक म्यूटेशन हैं।



फ्यूचर के इलाज के लिए कितनी जरूरी है ये स्टडी?

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस रिसर्च से हमें ये समझने में मदद मिलेगी कि एंटी-एजिंग रिसर्च में सबसे ज्यादा ध्यान किस चीज पर देना चाहिए। सिर्फ बीमारियों को रोकना काफी नहीं है, बल्कि दिल और दिमाग के सेलस को कमजोर होने से बचाना असली चैलेंज है। आने वाले समय में वैज्ञानिक इस मॉडल में माइटोकॉन्ड्रिया की खराबी और टेलोमेयर के छोटे होने जैसे कारणों को जोड़कर इंसानी उम्र पर और गहरा अध्ययन करेंगे।

पैदल चलने से बनेगी बिजली! 12 साल के छात्र ने किया नामुमकिन कारनामा

लंदन। आज के समय में जब पूरी दुनिया स्वच्छ ऊर्जा और बिजली की बढ़ती मांग को लेकर चिंतित है, तब मैसाचुसेट्स के कैमब्रिज के एक 12 साल के छात्र ने एक ऐसा कमाल कर दिखाया है, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। छठी कक्षा में पढ़ने वाले अहमद अब्देलसलाम ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है जो हमारे रोजमर्रा के चलने-फिरने और हरकतों को उपयोगी बिजली में बदल सकती है। अहमद का यह आविष्कार न केवल पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि उन्हें अमेरिका की सबसे प्रतिष्ठित विज्ञान प्रतियोगिता 3एम यंग साइंटिस्ट चैलेंज 2026 के टॉप 10 फाइनलिस्ट में भी शामिल कर चुका है।



क्या है वरदा तकनीक और यह कैसे काम करती है : अहमद अब्देलसलाम के इस आविष्कार का नाम वरदा है। यह प्रोजेक्ट ऊर्जा हार्वेस्टिंग की अवधारणा पर आधारित है। जब हम चलते हैं, हवा चलती है या समुद्र की लहरें उठती हैं, तो बहुत सारी गतिज ऊर्जा पैदा होती है जो आमतौर पर बेकार चली जाती है। वरदा तकनीक इसी व्यर्थ जाने वाली ऊर्जा को कैप्चर करके इसे सीधे इस्तेमाल में आने वाली बिजली में बदल देती है। अहमद का मानना है कि छोटे-छोटे प्रयासों से भी पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

$25,000 का ग्रैंड प्राइस और भविष्य के सपने : इस प्रतियोगिता के फाइनल दौर के लिए सभी 10 उम्मीदवार सेंट पॉल, मिनेसोटा में 12 और 13 अक्टूबर को एकत्र होंगे। यहां उन्हें अपने प्रोजेक्ट पेश करने होंगे और लाइव चुनौतियों को हल करना होगा। जीतने वाले प्रतियोगी को 'अमेरिका का टॉप यंग साइंटिस्ट' का खिताब और $25,000 का नकद इनाम मिलेगा।

3एम यंग साइंटिस्ट चैलेंज 2026 में पाई जगह

अहमद के इस क्रांतिकारी आइडिया ने उन्हें '2026 3एम यंग साइंटिस्ट चैलेंज के शीर्ष 10 फाइनलिस्टों में जगह दिलाई है। यह प्रतियोगिता 11 से 14 वर्ष की आयु के अमेरिकी छात्रों के लिए आयोजित की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य उन युवा नवप्रवर्तकों को पहचानना है जो विज्ञान और तकनीक का उपयोग करके वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करते हैं। फाइनलिस्ट बनने के बाद अहमद को अब 3एम के वरिष्ठ वैज्ञानिक अभिषेक श्रीवास्तव का मार्गदर्शन मिल रहा है।



अनोखा घर... जिसके एक राज्य में है किचन और दूसरे राज्य में बेडरूम

हैदराबाद। सोचिए कैसा हो अगर आपको खाना पकाने के लिए एक राज्य से दूसरे राज्य जाना पड़े और सोने के लिए वापस अपने राज्य में आना पड़े। जानकर हैरानी होना लाजिमी है, लेकिन भारत में एक ऐसा अनोखा घर मौजूद है जो दो राज्यों की सीमा के बिल्कुल बीचोंबीच स्थित है। दरअसल, भारत के जीवरगाडा (महाराजगुड़ा) गांव में रहने वाले पवार परिवार के साथ रोज ऐसा ही होता है। उनके घर के ठीक बीचों बीच से दो राज्यों की सीमा गुजरती है। दीवार पर बाकायदा एक तरफ महाराष्ट्र और दूसरी तरफ तेलंगाना लिखा हुआ है।



किचन तेलंगाना में और बेडरूम महाराष्ट्र में

क्या आपने कभी किसी ऐसे घर के बारे में सुना या देखा है, जिसकी किचन एक राज्य में है और बेडरूम दूसरे राज्य में? वायरल हो रहे एक वीडियो में बताया गया है कि, 1969 में हुए एक सर्वे के बाद खींची गई सीमा ने इस एक ही परिवार को दो अलग-अलग राज्यों का नागरिक बना दिया है। वीडियो के मुताबिक, ये मामला उस दौर से शुरू होता है जब हैदराबाद स्टेट का पुनर्गठन हो रहा था। 1956 में भाषा के आधार पर राज्यों के बंटवारे के बाद 1960 में महाराष्ट्र बना।

दोनों राज्यों से मिलती हैं सरकारी सुविधाएं

दिलचस्प की बात ये है कि, इस परिवार के सदस्य दो अलग-अलग राज्यों के निवासी माने जाते हैं। उन्हें महाराष्ट्र और तेलंगाना दोनों राज्यों की योजनाओं का लाभ मिलता है। कमाल की बात है कि, परिवार के पास दोनों राज्यों के अलग-अलग डॉक्यूमेंट्स और टैक्स बिल भी हैं।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com